तापमान
अधिकतम 23 .0 डिग्री
न्यूनतम 11 .2 डिग्री

हरिभूमि
जीटी रोड भूमि

रोहतक, गुरुवार, 6 मार्च 2025

12 मॉडल श्रेणी में अतिशय को मिला सर्वश्रेष्ठ पुरस्कार

12 छात्राओं को आत्मरक्षा के लिए दिया गया प्रशिक्षण

खबर संक्षेप

पांच साल से फरार हत्या का आरोपी गिरफ्तार

पानीपत। देवीलाल कॉम्पलेक्स वाली गली में 27 जुलाई 2020 की रात मनप्रीत उर्फ सोनू की लाठी डंडो से पीटकर हत्या करने मामले में फरार चल रहे आरोपी को सीआईए टू पुलिस टीम ने मंगलवार देर शाम जाटल रोड फ्लाई ओवर पुल के पास से गिरफ्तार किया। आरोपी की पहचान विक्की निवासी जगजीवनराम कॉलोनी के रूप में हुई। आरोपी उक्त मामले में 5 साल से फरार चल रहा था। उक्त मामले में इससे पहले 13 आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से वारदात में प्रयुक्त लाठी, डंडे बरामद कर सभी आरोपियों को न्यायालय में पेश कर जेल भेजा जा चुका है। यह जानकारी सीआईए टू प्रभारी इंस्पेक्टर फूल कुमार ने देते हुए बताया कि पूछताछ में आरोपी ने मामले में पहले गिरफ्तार हो चुके अपने साथी आरोपियों के साथ मिलकर 25 वर्षीय मनप्रीत उर्फ प्रीतम की लाठी डंडो से पीटकर हत्या करने बारे स्वीकारा है।

नफेसिंह बने फास्ट ट्रैक एंटी करप्शन के अध्यक्ष

पानीपत। फास्ट ट्रैक एंटी करप्शन एंड ह्यूमन राइट्स संगठन द्वारा मीटिंग का आयोजन किया गया। संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ.राकेश ने बताया कि डॉ.नफे सिंह को हरियाणा प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। उन्होंने बताया कि संगठन पिछले 21 सालों से भ्रष्टाचार के खिलाफ कार्य कर रहा है। वहीं नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष डॉ.नफे सिंह ने बताया कि संगठन के पदाधिकारियों का आभार जताते हुए पूरी मेहनत व ईमानदारी से काम करने का भरोसा दिलाया। इस अवसर पर डॉ.सुशील को सह सचिव घोषित किया गया है। जबकि पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ.ऋ षि पारीक द्वारा नवनियुक्त पदाधिकारियों का फूल मालाओं से स्वागत किया गया।

19 ग्राम हेरोइन के साथ युवक दबोचा, रिमांड पर

यमुनानगर। जिला पुलिस की एंटी नारकोटिक सेल की टीम ने पुराना ट्रक अड्डा नहर पटरी के पास से एक युवक को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 19 ग्राम हेरोइन बरामद की है। पुलिस ने आरोपी को अदालत में पेश किया। जहां से उसे रिमांड पर लिया गया है। सेल की टीम के इंचार्ज जसविंदर सिंह ने बताया कि उनकी टीम को गुप्त सूचना मिली कि पुराना ट्रक अड्डा नहर पटरी के पास एक युवक नशीले पदार्थ के साथ खड़ा है। आरोपी नशीला पदार्थ बेचने की फिराक में है। सूचना के आधार पर टीम ने मौके पर जाकर संदिग्ध परिस्थितियों में घूम रहे युवक को हिरासत में लेकर तलाशी ली तो उसके पास से 19 ग्राम हेरोइन बरामद हुई। पूछताछ के दौरान आरोपी की पहचान पुराना हमीदा निवासी दानिश के नाम से हुई।

अवैध खनन पर नकेल कसने के लिए माइनिंग तथा आरटीए विभाग अलर्ट

मिट्टी से लदा डंपर जब्त, मालिक पर लगाया 4.20 लाख का जुर्माना

■ ट्रक चालक के पास नहीं मिले मिट्टी ले जाने संबंधी कागजात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

अवैध खनन पर नकेल कसने को लेकर माइनिंग विभाग, इंफोर्समेंट टीम, पुलिस तथा आरटीए विभाग द्वारा लगातार निगरानी कर रहे हैं। बीते रोज देर रात माईनिंग विभाग की टीम ने गांव धनाना के पास बिना कागजों के मिट्टी से भरे एक टाटा डंपर को जब्त करने का काम किया है।

नियमानुसार कार्रवाई करते हुए डंपर मालिक के खिलाफ 4 लाख 20 हजार रूपए जुर्माना भी किया गया है। खनन निरीक्षक सोनू कुमार ने बताया कि हरियाणा खनन एवं भू-विज्ञान विभाग के महानिदेशक के. मकरंद पांडुरंग के निर्देशानुसार प्रदेश में अवैध खनन तथा खनिज परिवहन को लेकर लगातार प्रभावी कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में नारायणगढ़ उपमंडल में भी लगातार खनन संबंधी गतिविधियों पर पूर्ण अंकुश लगाने को लेकर औचक निरीक्षण करते हुए जांच टीमें फील्ड में रहकर निरंतरता में कार्रवाई कर रही है। इसी कड़ी में बीती रात खनन विभाग द्वारा गांव धनाना से साधारण मिट्टी का अवैध परिवहन करते हुए एक डंपर जब्त किया गया है। उन्होंने यह भी बताया कि उपायुक्त अजय सिंह तोमर हर माह बैठक लेकर अवैध खनन से को लेकर हो रही कार्रवाई की समीक्षा कर रहे हैं। खनन को लेकर यदि किसी की भी संलिप्तता पाई जाती है तो नियमानुसार कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

अंबाला। पकड़ा गया डंपर।

अवैध खनन रोकने गई टीम को लोगों ने घेरा

बापौली। मंगलवार देर रात खनन विभाग की टीम द्वारा यमुना नदी के पास बसे गांव गोयला कलां में अवैध खनन की सूचना मिलने पर निरीक्षण करने के पश्चात वहां लाठी डंडों से लैस 20 से 25 व्यक्तियों ने टीम को घेर लिया। जिससे बड़ी मुश्किल से टीम वहां से अपनी जान बचाकर भागी। उनमें से कुछ एक व्यक्तियों की पहचान कर ली गई है जिनके विरुद्ध खनन अधिकारी द्वारा बापौली थाना में एफआईआर भी दर्ज करवाई गई है। जिला खनन अधिकारी निरंजन लाल ने बताया की वह अपने विभाग के खनन रक्षक विजय सिंह और संजीव कुमार के साथ-साथ पुलिस विभाग के हैड कास्टेबल नवीन कुमार के साथ मंगलवार देर रात करीब 9:30 बजे यमुना नदी के आसपास अवैध खनन को लेकर औचक निरीक्षण करने गए थे। जब वह गोयला कलां गांव में अवैध खनन की सूचना मिलने पर पहुंचे तो उन्हें वहां अवैध खान के ताजा निशान मिले लेकिन कोई वाहन नजर नहीं आया। निरीक्षण उपरांत जब वे वापस यमुना बांध के पास पहुंचे तो उनकी सरकारी गाड़ी के आगे कुछ एक व्यक्तियों ने अपनी गाड़ी लगा दी और 20 से 25 व्यक्ति जो की लाठी डंडों से लैस थे। उन्होंने हेड कांस्टेबल नवीन को नीचे उतार लिया और दुव्यवहार करने लगे। उन्होंने कहा कि यह हमारे गांव की नदी है। इसमें हमारा अवैध खनन ऐसे ही होगा और हमारे ट्रैक्टर रोक के दिखाओ। वह बड़ी मुश्किल से वहां से जान बचाकर भागे। फिर मुखबिर से प्राप्त सूचना के आधार पर गोयला कलां वासी रोहित उर्फ भोला, अनुज पुत्र पाले राम, संजय उर्फ भूरा, नीटू सचिन और कपिल के साथ-साथ जलमाना वासी सचिन पुत्र कटारा के विरुद्ध एफआईआर दर्ज की गई है। उन्होंने इसकी एक प्रति उपायुक्त डॉक्टर वीरेंद्र कुमार दहिया, पुलिस अधीक्षक और महानिदेशक खनन विभाग को भी प्रेषित की है। जिला खनन अधिकारी निरंजन लाल ने बताया कि जिला में अवैध खनन को रोकने के लिए निरंतर औचक निरीक्षण जारी हैं और उसी के तहत बुधवार को गांव मांडी की तरफ से आ रहे एक ट्रैक्टर को भी जब्त किया गया है। जिस पर 2 लाख 15 हजार का जुर्माना भी लगाया गया है।

ट्रक से भारी मात्रा में शराब बरामद, आरोपी गिरफ्तार

कुरुक्षेत्र। ट्रक से बरामद शराब। फोटो : हरिभूमि

■ अलग-अलग मार्का की 262 पेटियां शराब अंग्रेजी बरामद हुई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

कुरुक्षेत्र पुलिस ने नशा-तस्करों पर शिकंजा कसते हुए शराब तस्करी करने के आरोपी को गिरफ्तार किया है। कुरुक्षेत्र पुलिस अधीक्षक वरुण सिंगला के कुशल मार्ग-दर्शन में अपराध अन्वेषण शाखा-2 ने शराब तस्करी करने के आरोप में रमेश कुमार वासी बालम जिला सोलन हिमाचल प्रदेश को गिरफ्तार करके उसके कब्जे से अलग-अलग मार्का की 262 पेटी अंगेजी शराब बरामद करने में सफलता हासिल की है। पुलिस टीम को गुप्त सूचना मिली कि रमेश कुमार वासी बालम जिला सोलन हिमाचल प्रदेश ट्रक में माल लोड करके बंगाल बिहार व झारखंड जाता है। आरोपी पंजाब व हिमाचल से अवैध शराब लोड करके बिहार में बेचता है। पुलिस टीम ने एनएच-44 पीपली चिड़ियाघर के पास नाकाबंदी करके चेकिंग शुरू कर दी। थोड़ी देर बाद ट्रक पीबी-11-डीबी-8871 आता हुआ दिखाई दिया। पुलिस टीम ने ट्रक में बैठे व्यक्ति को काबू करके उसका नामपता पूछने पर ड्राईवर ने अपना नाम रमेश कुमार वासी बालम जिला सोलन हिमाचल प्रदेश बताया। पुलिस द्वारा आरोपी व उसके ट्रक की तलाशी लेने पर उसके कब्जा से अलग-अलग मार्का की 262 पेटियां शराब अंग्रेजी बरामद हुई। आरोपी के विरुद्ध थाना सदर थानेसर में मामला दर्ज करके आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

आरटीआई लगने पर एचएसवीपी ने ब्याज सहित लौटाई पीड़िता को राशि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

■ आठ वर्षों से अटके हुए थे 2 .37 लाख रुपये

हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण पानीपत एचएसवीपी में फंसे 2.37 लाख रुपये सिर्फ दस रुपये वाली आरटीआई लगने पर 98.390 रुपये के ब्याज सहित कुल 3.35.396 रुपये एचएसवीपी को लौटाने पड़े। राज्य सूचना आयुक्त डॉ. कुलबीर छिक्कारा ने आज केस की सुनवाई के बाद एस्टेट ऑफिसर को नोटिस जारी कर पूछा है कि सूचना समय पर न देने के कारण क्यों न उन पर 25 हजार रुपये जुर्माना लगाया जाए।

यह है मामला

आरटीआई एक्टिविस्ट पीपी कपूर ने बताया कि रमेश नगर तहसील कैम्प पानीपत निवासी उनकी चचेरी बहन उषा वैद ने आठ वर्ष पहले 18 जुलाई 2017 को एचएसवीपी पानीपत में 2.37.006 रुपये जमा कराए थे। यह राशि उन्होंने कृषि भूमि अक्वायर होने पर आउस्टी कोटे से प्लॉट लेने के लिये जमा कराई थी। लेकिन एचएसवीपी ने न तो प्लॉट दिया और न ही ली हुई यह राशि वापस की। इस बारे गत 22 मार्च 2024 को उन्होंने एस्टेट ऑफिसर एचएसवीपी पानीपत को लिखित आवेदन दिया और फिर पहली मई 2024 को हुडा कार्यालय में आरटीआई कर दी हुई शिकायत पर कारवाई की रिपोर्ट मांग ली। इस आरटीआई का कोई जवाब राज्य जन सूचना अधिकारी एवं एस्टेट ऑफिसर ने नहीं दिया। प्रथम अपीलिय अधिकारी एवं एडमिनिस्ट्रेटर एचएसवीपी रोहतक ने भी प्रथम अपील को अनसुना कर दिया। इस पर स्टेट इन्फर्मेशन कमीशन ने एस्टेट ऑफिसर को नोटिस भेज कर 5 मार्च को सूचना आयोग में पंचकूला तलब कर लिया। इस पेशी से डरे एस्टेट ऑफिसर ने 4 मार्च को ही 98.390 रुपये के ब्याज सहित कुल 3.35.396 की राशि अपीलकर्ता के बैंक खाते में डाल दी।

कपूर ने बताया कि दोषी एस्टेट ऑफिसर को स्टेट इन्फर्मेशन कमीशन में जुर्माना तो लगेगा ही और इन्हें लोकायुक्त कोर्ट में भी घसीटा जायेगा ताकि इनके खिलाफ विभागीय दंडात्मक कारवाई हो और इन अफसरों की खराब सेवा के कारण जो ब्याज राशि सरकारी खजाने से गई है, वो इन दोषी अफसरों की तन्खाह से काटी जाए।

ह्यूमन सोसाइटी के एजेंट्स व निवेशकों का प्रदर्शन

■ 20 मार्च को दिल्ली में जंतर मंतर पर प्रदर्शन का भी फैसला किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

ह्यूमन सोसाइटी के हजारों पीड़ित एजेंट्स और निवेशकों ने कुरुक्षेत्र में मुख्यमंत्री आवास पर जोरदार प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने सरकार से मांग की कि इस मामले में सभी दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी कदम उठाए जाएं और निवेशकों की राशि की वापसी सुनिश्चित की जाए। देशव्यापी मुद्दे के चलते तय किया गया कि 20 मार्च को जंतर मंतर पर प्रदर्शन किया जाएगा। राज्य भर के अलग अलग स्थानों से हजारों संख्या में ह्यूमन वेलफेयर क्रेडिट एंड थ्रिफ्ट कोऑपरेटिव सोसाइटी के पीड़ित एजेंट्स और निवेशक कुरुक्षेत्र में सीएम सिटी में देवीलाल पार्क में इकठ्ठा हुए। सभा करते हुए प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शन को सीटू प्रदेश प्रदेश महासचिव जय भगवान, सचिव आनंद शर्मा, अनिल कुमार, एजेंट्स प्रतिनिधियों पवन, विपुल, मनजीत, विकास आदि ने प्रमुख रूप से संबोधित किया। उन्होंने मांग की कि सोसायटी के सीएमडी समीर अग्रवाल सहित पूरी टीम को पकड़ा जाए और जिन लोगों ने सोसायटी में पैसा जमा किया है, उसे दिलवाया जाए। तमाम वक्ताओं ने कहा कि सोसायटी के सीएमडी ओर प्रबंधन टीम ने जनता को धोखे में रखकर उनकी मेहनत की कमाई हड़पने का एक सुनियोजित षड्यंत्र रचा है। यह संस्था हरियाणा में 2016 से कम कर रही है। देशभर में 45 लाख से अधिक निवेशकों ने इस सोसाइटी में अपनी जीवनभर की कमाई निवेश की थी। इसलिए इसमें लाखों लोगों ने अपनी जमा-पूंजी इसमें लगा दी। इनमें किसान, मजदूर, छोटे व्यापारी, महिलाएं और बुजुर्ग शामिल हैं, जिन्होंने बच्चों की पढ़ाई, शादियों और बुढ़ापे के सहारे के लिए इसमें निवेश किया था। अब सोसाइटी के सभी प्रमुख अधिकारी फरार हो गए। उन्होंने कहा कि सोसाइटी ने अपनी शुरूआत फिक्स्ड डिपॉजिट और आवर्ती जमा योजनाओं के माध्यम से की और निवेशकों को यह विश्वास दिलाया कि उनका पैसा पूरी तरह सुरक्षित है। सोसाइटी के मालिकों ने जनता को ठगने का एक पूर्व-नियोजित षड्यंत्र रचा था जिसकी जांच की जानी चाहिए। प्रदर्शनकारियों के बीच मुख्यमंत्री के प्रतिनिधि कैलाश कुमार पहुंचे। उन्होंने ज्ञापन लिया और आश्वस्त किया कि जल्द ही बातचीत का समय मुख्यमंत्री के साथ तय करते हुए मांगो के समाधान के प्रयास किए जाएंगे। प्रदर्शन को सीटू जिला प्रधान रानी, सुनील रत्न, किसान नेता रोशन लाल, सर्व कर्मचारी संघ के ओम प्रकाश, रिटायर्ड कर्मचारी संघ के महावीर प्रसाद दहिया आदि ने भी संबोधित किया। 20 मार्च को दिल्ली में जंतर मंतर पर प्रदर्शन करने का भी फैसला किया गया।

कुरुक्षेत्र। प्रदर्शन करते ह्यूमन सोसाइटी के एजेंट्स व निवेशक।

डंपर की टक्कर लगने से बाइक सवार युवक की मौत, महिला घायल

यमुनानगर। सहारनपुर-कुरूक्षेत्र मार्ग पर दामला टोल प्लाजा के पास डंपर की टक्कर लगने से बाइक सवार युवक की मौत हो गई। जबकि हादसे में बाइक सवार महिला घायल हो गई। जिसका इलाज अस्पताल में चल रहा है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने अज्ञात डंपर चालक के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार शहर के गांधी नगर निवासी मनोज कुमार ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसका चचेरा भाई शिव नगर गांधी नगर निवासी 30 वर्षीय रवि कुमार अपनी परिचित सुजाता के साथ बाइक पर किसी काम से जा रहा था। जब वह सहारनपुर कुरूक्षेत्र मार्ग पर दामला टोल प्लाजा के पास पहुंचे तो तेज गति से आ रहे डंपर ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही वह सड़क के बीच में गिर गए। डंपर का पहिया रवि के ऊपर से निकल गया। जिससे रवि की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि सुजाता गंभीर रूप से घायल हो गई। हादसे के बाद आरोपी डंपर चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर घायल को अस्पताल में भर्ती करवाया।

दो अवैध कॉलोनियों में निर्माण ढहाए

अंबाला। जिला नगर योजनाकार के दस्ते द्वारा गांववव गरनाला में लगभग 5 एकड़ तथा लगभग 1 एकड़ में अवैध रूप से विकसित की जा रही 2 कॉलोनियों में बनी कच्ची सडक़ों के जाल तथा नीवों को पूर्णतया धवस्त कर दिया गया। मौके पर जिला नगर योजनाकार रोहित चैहान , रविंद्र कुमार कनिष्ठ अभियंता तथा रविंद्र कुमार क्षेत्रानवेशक व भारी पुलिस दल के साथ उपस्थित थे। मौके पर उपस्थित जिला नगर योजनाकार रोहित चैहान ने लोगों स अपील की है कि भूमालिक व प्रॉपट्री डीलर इन कॉलोनियों के रेगूलर होने का झांसा देकर प्लाट बेच रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस प्रकार से किसी भी झांसे में न आएं। उन्होंने इन अवैध कॉलोनियों में प्लाट न खरीदने तथा किसी भी प्रकार का निर्माण न करने के प्रति चेताया तथा बताया कि ऐसी कॉलोनियों में निर्माण करना पूरी तरह से गैरकानूनी है।

डोली की कार रुकवाकर दुल्हन को अगवा करने का प्रयास, दो के खिलाफ केस

यमुनानगर। सदर जगाधरी थाना क्षेत्र के एक गांव में युवक ने अपने दोस्त के साथ मिलकर डोली की कार रूकवाकर दुल्हन को शादी का झांसा देकर अगवा करने का प्रयास किया। पुलिस ने मामले की जांच के बाद दोनों आरोपी युवकों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार सदर जगाधरी थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी युवक ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि तीन मार्च को उसकी 21 वर्षीय बहन की शादी थी। शादी के बाद रात करीब साढ़े सात बजे उसकी बहन घर से विदा होकर डोली की कार में बैठकर अपने पति के साथ ससुराल जा रही थी तो गांव महमूदपुर के पास अमित कुमार ने अपने दोस्त सन्नी कुमार के साथ मिलकर डोली की कार को रूकवा लिया। इस दौरान आरोपी ने उसकी बहन को शादी की नियत से भगाने की कोशिश की। मगर आरोपी अपनी चाल में कामयाब नहीं हो सके। इस दौरान आरोपियों ने डोली वाली कार का पीछा किया और उन्हें जान से मारने की धमकी दी। उसे जब इसकी सूचना मिली तो उसने आरोपियों के खिलाफ पुलिस में शिकायत दी। पुलिस ने दोनों आरोपी युवकों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

होलाष्टक कल से शुरू, रंगों का त्योहार 14 मार्च को

होलिका दहन पर इस बार भद्रा का साया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

इस साल होलिका दहन पर भद्रा का साया रहेगा, जिससे सही समय पर दहन करना महत्वपूर्ण होगा। हिंदू पंचांग के अनुसार, 13 मार्च को होलिका दहन किया जाएगा और 14 मार्च को रंगों का त्योहार होली मनाया जाएगा। सात मार्च से होलाष्टक शुरू हो जायेंगे जिसमें शुभ कार्य करने की मनाही होती है धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, भद्रा काल में कोई भी शुभ कार्य करना वर्जित माना जाता है, क्योंकि इस समय किए गए कार्यों का नकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है। इसलिए, होलिका दहन के लिए शुभ मुहूर्त का ध्यान रखना आवश्यक है। होलिका दहन के मुहूर्त के बारे में चर्चा करते हुए राम राज कौशिक ने बताया कि इस बार होलिका दहन का शुभ मुहूर्त एक घंटा चार मिनट है। इस वर्ष 13 मार्च को शाम को भद्रा की छाया पृथ्वी पर होने के कारण होलिका दहन के शुभ मुहूर्त का विशेष ध्यान रखना होगा। भद्रा काल में किए गए कार्य शुभ फल नहीं देते। यही कारण है कि इस समय विवाह, गृह प्रवेश और अन्य मांगलिक कार्य नहीं किए जाते। विशेष रूप से होलिका दहन को भद्रा में करने से अनिष्टकारी प्रभाव पड़ सकता है, इसलिए इसे टालना ही बेहतर माना जाता है। ज्योतिषाचार्य रामराज कौशिक ने बताया कि, इस वर्ष 13 मार्च सुबह 10:02 से पूर्णिमा तिथि की शुरूआत हो जाएगी, जिसकी समाप्ति 14 मार्च सुबह 11:11 पर होगी. ऐसे में 13 मार्च को ही होलिका दहन किया जाएगा. लेकिन 13 मार्च को पूरे दिन लगभग 13 घंटे तक भद्रा का साया बना रहेगा, जबकि शास्त्रों में होलिका दहन के लिए भद्रा रहित और निशा काल में पूर्णिमा तिथि का होना अनिवार्य बताया गया है। भद्रा रहित और पूर्णिमा तिथि को देखते हुए होलिका 13 मार्च की रात में किया जाएगा। होलिका दहन के लिए ज्योतिषाचार्य ने रात 10 बजकर 35 मिनट से 11 बजकर 26 मिनट तक का समय शुभ बताया है। ऐसे में होलिका दहन देर रात किया जाएगा और इसके लिए लगभग 1 घंटे 9 मिनट का ही शुभ समय मिलेगा लेकिन ज्योतिष शास्त्र के अनुसार भद्रा का मुख काल छोड़ कर पूँछ काल में होलिका दहन हो सकेगा। होलिका दहन के दिन भद्रा पूंछ शाम 6 बजकर 57 मिनट से रात 8 बजकर 14 मिनट तक थी। इस दौरान होलिका दहन करना शुभ माना गया था।

■ होलिका दहन का समय शाम 6:57 से रात 8:14 तक रहेगा

कोई भी शुभ-मांगलिक कार्य करने की मनाही

रामराज कौशिक

इस साल 13 मार्च को फाल्गुन पूर्णिमा के दिन भद्रा का वास धरती पर है।जब भद्रा का वास धरती पर होता है तो कोई भी शुभ-मांगलिक कार्य नहीं करने चाहिए, क्योंकि भद्रा इन कामों में विघ्न डालने का कार्य करती है. इसलिए जब धरती पर भद्रा का वास होता है तो इन कामों का त्याग करना चाहिए। होलिका दहन पर पूर्णिमा तिथि के साथ ही भद्रा की भी शुरूआत हो जाएगी जोकि रात 10:36 तक रहेगी. इसलिए भद्रा खत्म होने के बाद ही होलिका दहन किया जाएगा।

बिजौली में मारपीट में पांच लोग नामजद, चोट से गर्भपात का आरोप

यमुनानगर। गांव बिजौली में हुई मारपीट में पुलिस ने दूसरे पक्ष के पांच लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है। आरोप है कि मारपीट के दौरान गर्भवती महिला के पेट में चोट लग गई। जिससे उसका गर्भपात हुआ है। पुलिस ने इस मामले में पहले एक पक्ष के दो भाईयों समेत तीन लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया हुआ है। गांव बिजौली निवासी मुस्ताक अली ने पुलिस को बताया कि उसकी कुछ दिन पहले निसार व नवाब के साथ खेतों में मेढ़ पर मिट्टी लगाने को लेकर कहासुनी हो गई थी। जिसके बाद आरोपी उससे रंजिश रखे हुए थे। 18 फरवरी को आरोपी निसार व नवाब ने अपने परिवार के सदस्यों कतिजा, सहरीना व सुगमा के साथ मिलकर उस पर हमला कर दिया। इस दौरान आरोपियों ने उसकी पत्नी नसीमा के पेट में लात मारी। जिससे उसका गर्भपात हो गया। उसकी पत्नी दो माह की गर्भवती थी।

इन्वेस्टमेंट के नाम पर महिला से ठगी 3.65 लाख की राशि

■ पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ धोखाधड़ी का केस दर्ज किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

साइबर ठगों ने इंवेस्टमेंट करके अधिक लाभ कमाने का लालच देकर महिला से तीन लाख 65 हजार रुपये ठग लिए। जब महिला को अपने साथ हुई ठगी का पता चला तो उसने मामले की सूचना पुलिस को दी। रामपुरा कॉलोनी निवासी महक ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह प्राइवेट स्कूल में टीचर है। गत 31 जनवरी को उसके मोबाइल पर एक लिंक आया। जब उसने लिंक पर क्लीक किया तो वह एक टेलीग्राम ग्रुप से जुड़ गई। इसके बाद उसकी ग्रुप में बात होने लगी। जिसमें उसे पार्ट टाइम व फुल टाइम काम करने का ऑफर दिया गया। उसने आरोपियों पर विश्वास करके काम करने के लिए हां कर दी। इसके बाद उसे एक कंपनी को रेटिंग देने का काम बताया गया। रेटिंग देने के बाद उसे 10 प्रतिशत कमीशन देना तय हुआ। आरोपियों ने उसे पहली कमीशन के नाम के एक हजार रुपये दिए। इसके बाद आरोपी ठगों ने कंपनी में पैसे इंवेस्टमेंट करके अधिक लाभ कमाने का लालच दिया। उसने आरोपियों पर विश्वास करके कंपनी में तीन लाख 65 हजार रुपये इंवेस्ट कर दिए। इस दौरान उसे ऑनलाइन प्रोफिट नजर आने लगा। मगर जब वह प्रोफिट के पैसे निकालने लगी तो पैसे नहीं निकले। उसने इस बारे आरोपी से बात की मगर उसने कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया। आरोपियों ने उसे कंपनी में ओर अधिक पैसे इंवेस्ट करने को कहा। मगर उसने मना कर दिया। इसके बाद आरोपियों ने उसे ग्रुप से निकाल दिया। उसने पुलिस में शिकायत दी। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

गुजरात के छात्रों ने ली प्राकृतिक कृषि की ट्रेनिंग

कुरुक्षेत्र। गुरुकुल कुरुक्षेत्र में चल रहे प्राकृतिक कृषि प्रशिक्षण केन्द्र में गुजरात प्राकृतिक कृषि विज्ञान विश्वविद्यालय, हलोल के विस्तार शिक्षा निदेशक रश्मीकान्त अनंत्रे सहित कृषि विशेषज्ञ एवं पीजी स्टूडेंट्स ने प्राकृतिक खेती की विधिवत चार दिन की ट्रेनिंग ली, साथ ही फार्म का दौरा कर वहां पर स्थित मिश्रित फसल व सब्जियों के मॉडल देखें। वरिष्ठ कृषि वैज्ञानिक पदम्श्री डॉ. हरिओम के मार्गदर्शन में गुजरात से पधारे इस दल को प्राकृतिक खेती के सभी पहलुओं से परिचित कराया गया। गुरुकुल के व्यवस्थापक रामनिवास आर्य ने बताया कि गुजरात से हलोल कृषि विज्ञान विश्वविद्यालय से डॉ. प्रभु नायका, डॉ. एसपी देशमुख, डॉ. कृष्ण, डॉ. अल्पेश बीमानी सहित अनेक कृषि विशेषज्ञों ने गुरुकुल में ट्रेनिंग प्राप्त की। इसके अलावा पीजी स्टूडेंट केशवाला भूमि, जय पटेल, विशाल वायलू, दक्ष पटेल, महेन्द्र मेवादा, मौली पटेल, श्रद्धा चौधरी भी कैम्प में शामिल हुए।

खबर संक्षेप

मून स्टार प्री स्कूल में 8 मार्च को वार्षिक समारोह

रादौर। रादौर के मून स्टार प्री स्कूल में 8 मार्च को छठे वार्षिक महोत्सव का आयोजन सफल पैलेस में किया जाएगा। उक्त जानकारी स्कूल की प्रिंसिपल रश्मिन कौर ने दी।

प्रिंसिपल रश्मिन कौर ने बताया कि समारोह में मुख्यातिथि के रुप में इनरव्हील क्लब की प्रधान नीलम बंचल व रोटरी क्लब वूमेंस की प्रधान पूजा माटिया भाग लेंगी। वहीं, भारत विकास परिषद की महिला प्रमुख अनीता पुजारा विशिष्ठ अतिथि के रुप में भाग लेंगी। वार्षिक समारोह में बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम व अन्य गतिविधियां प्रस्तुत की जाएंगी।

रादौर-जठलाना मार्ग पर नहीं है कोई बस सेवा

रादौर। जिले के रादौर-जठलाना मार्ग पर लंबे अर्से से परिवहन निगम की बस सेवा नहीं होने से क्षेत्र के लोग परेशान हैं। लोगों को अपने गांव से रादौर या जठलाना जाने के लिए प्राइवेट वाहनों में अधिक पैसे खर्च कर जाना पड़ रहा है। क्षेत्र के लोगों ने हरियाणा के मुख्यमंत्री से मार्ग पर बस सेवा शुरु किए जाने की मांग की। क्षेत्र के समाजसेवी डॉ. लाभ सिंह, पवन कुमार, जसबीर सिंह, रविंद्र सिंह व कुलदीप आदि ने बताया कि रादौर-जठलाना सड़क मार्ग क्षेत्र में दर्जनों गांव पड़ते हैं। जिनसे रोजाना सैंकड़ो बच्चे अपने स्कूल व कॉलेजों में रादौर, लाडवा, कुरुक्षेत्र व यमुनानगर आदि शहरों में जाते हैं। बच्चों को जठलाना या फिर रादौर पहुंचने के लिए प्राइवेट वाहनों से यात्रा करनी पड़ी रही है। वहीं, इस मार्ग से रोजाना हजारों लोग अपने कार्यों के लिए रादौर समेत अन्य शहरों में जाते हैं। मगर पिछले लंबे अर्से से सड़क मार्ग पर ना तो हरियाणा परिवहन निगम की और ना ही किसी समिति की कोई बस सेवा चल रही है। करीब पंद्रह बीस वर्ष पहले परिवहन निगम की एक बस शुरु की गई थी।

जिला एवं सत्र न्यायाधीश रमेश चंद डिमरी समेत सभी न्यायाधीशों ने लिया भाग

जिला बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने शपथ ग्रहण कर संभाला कार्यभार

- बार एसोसिएशन रूम में आयोजित हुआ शपथ ग्रहण समारोह
- जिला बार एसोसिएशन जगाधरी के पूर्व प्रधान अरुण ढांडा ने अपने कार्यकाल का लेखाजोखा प्रस्तुत किया और आय व व्यय संबंधि दस्तावेजों को नवनिर्वाचित प्रधान विक्रांत सिंह चौहान को सौंपा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

यमुनानगर। जिला बार एसोसिएशन के बार रूम में आयोजित शपथग्रहण समारोह में पद एवं गोपनीयता की शपथ लेते हुए नवनिर्वाचित प्रधान एडवोकेट विक्रांत सिंह चौहान। फोटो : हरिभूमि

जिला बार एसोसिएशन जगाधरी की नवनिर्वाचित कार्यकारिणी के पदाधिकारियों के लिए बार रुम में शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें प्रधान एडवोकेट विक्रांत सिंह चौहान समेत सभी कार्यकारिणी के पदाधिकारियों ने पद व गोपनीयता की शपथ ली। समारोह में मुख्य रुप से जिला एवं सत्र न्यायाधीश रमेश चंद डिमरी व अन्य सभी न्यायाधीश, उपायुक्त पार्थ गुप्ता, उपभोक्ता फोरम के चेयरमैन राजबीर सिंह व पुलिस अधीक्षक राजीव देशवाल आदि ने भाग लिया। चुनाव अधिकारी गुरमेल सिंह मानीपुर व अतिरिक्त चुनाव अधिकारी गुरजीत सिंह सांगवान ने बार एसोसिएशन के नवनियुक्त प्रधान एडवोकेट विक्रांत सिंह चौहान, उप प्रधान एडवोकेट सोनिया रोहिल्ला, महासचिव एडवोकेट विशाल गर्ग (अग्रवाल), सह सचिव एडवोकेट शुभम गौतम व कोषाध्यक्ष एडवोकेट शुभम पाल को पद व गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। मौके पर नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। इस दौरान जिला बार एसोसिएशन जगाधरी के पूर्व प्रधान अरुण ढांडा ने अपने कार्यकाल का लेखाजोखा प्रस्तुत किया और आय व व्यय संबंधि दस्तावेजों को नवनिर्वाचित प्रधान विक्रांत सिंह चौहान को सौंपा। मुख्य अतिथि न्यायाधीश रमेश चंद्र डिमरी ने प्रधान विक्रांत सिंह चौहान व अन्य पदाधिकारियों को बधाई दी।

बैंच और बार में मधुर संबंध बने रहेंगे

उन्होंने कहा कि बैंच और बार में मधुर संबंध बने रहेंगे। हम इसके लिए पूरा सहयोग करेंगे। इस अवसर पर नई कार्यकारिणी ने निष्पक्ष चुनाव करवाने के लिए चुनाव अधिकारियों को पुष्प गुच्छा देकर सम्मानित किया व पुरानी कार्यकारिणी को भी पुष्पगुच्छा देकर सम्मानित किया। मंच संचालन महासचिव विशाल गर्ग (अग्रवाल) द्वारा किया गया। कार्यक्रम के उपरांत नई कार्यकारिणी द्वारा सभी सदस्यों व अतिथियों के लिए सहभोज का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पूर्व प्रधान अधिवक्ता बीएस चौहान, राम कुमार बुबका, लाल सिंह दताना, राम कुमार राढौरी, अमर सिंह कांबोज, अजय शांडिल्य, विजय कुमार गौतम, अनिल अग्रवाल, बृजेश कुमार सिंह पुंडीर, बृजेश प्रताप, नरेन्द्र सिंह राणा, बृजेश चौहान, पीयूष रोहिल्ला, पूजा चौहान, धीरज गौतम, राजवर्धन सिंह, राणा रन सिंह, मनन्द्रि राणा, उमेश सैनी, अमूल्य अग्रवाल, अमनदीप सिंह, विजय चौधरी,राज बाला,रेनु बाला, शोभा अरोड़ा, प्रदीप वालिया, मुकेश सहगल, शशी शर्मा, नरेश खुराना, सर्वजीत सिंह, देवेन्द्र नागी आदि अन्य अधिवक्तागण मौजूद रहे।

यमुनानगर। गांव लालछप्पर में आयोजित शिविर में पहुंची मोबाइल मेडिकल वैन में मौजूद चिकित्सकों से अपनी जांच करावने के लिए लाइन में खड़े ग्रामीण।

मोबाइल मेडिकल वैन के चिकित्सकों ने की 200 मरीजों के स्वास्थ्य की जांच

- 22 लोगों के रक्त एवं यूरिन के टेस्ट भी किए गए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर

कुरुक्षेत्र के सांसद नवीन जिंदल द्वारा नवीन जिंदल फाउंडेशन के तत्वावधान में लोगों के स्वास्थ्य लाभ के लिए शुरु की गई मोबाइल मेडिकल वैन ने रादौर क्षेत्र के लालछप्पर व मॉडल टाउन में पहुंचकर ग्रामीणों के स्वास्थ्य की जांच की। मोबाइल मेडिकल वैन के चिकित्सकों ने ग्रामीणों के स्वास्थ्य की जांच कर उन्हें मुफ्त में दवाइयां वितरित की गई। मोबाइल मेडिकल यूनिट सबसे पहले गांव लालछप्पर में पहुंची। इस दौरान मोबाइल मेडिकल वैन के चिकित्सकों ने मरीजों के रक्त एवं यूरिन की जांच की। जांच के बाद मरीजों को मुफ्त में दवाइयां दी गई और उन्हें बीमारियों से बचाव के लिए जानकारियां दी गई। इसके बाद वैन यूनिट ने मॉडल टाउन में पहुंचकर ग्रामीणों के स्वास्थ्य की जांच की। सांसद नवीन जिन्दल के कार्यालय प्रभारी धर्मवीर सिंह ने बताया कि सांसद नवीन जिन्दल ने क्षेत्र के लोगों को ज्यादा से ज्यादा स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से मोबाइल मेडिकल यूनिट की शुरुआत की हुई है। दोनों शिविरों में 200 मरीजों को परामर्श और जांच के बाद निःशुल्क दवाइयां प्रदान की गई। 22 लोगों के रक्त एवं यूरिन के टेस्ट भी किए गए। उन्होंने बताया कि इन मोबाइल मेडिकल यूनिटों के माध्यम से लोगों को खान पान संबंधित जानकारी भी दी गई। सांसद नवीन जिन्दल की ओर से स्वास्थ्य के क्षेत्र में लोगों को सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए इस प्रकार की सुविधाएं चलती रहेंगी।

डीएवी गर्ल्स कॉलेज में हुआ करियर जागरूकता पर कार्यक्रम का आयोजन

आत्मनिर्भर बनने के लिए स्किल डेवलेपमेंट जरूरी

- असिस्टेंट प्रो. डॉ.साधना ने छात्राओं को प्रतियोगिक परीक्षा की तैयारी, उद्यमिता कौशल व रोजगार कौशल के बारे में बताया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

यमुनानगर। डीएवी गर्ल्स कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम के दौरान संबोधित करती अतिथि व उपस्थित छात्राएं।

डीएवी गर्ल्स कॉलेज के इंस्टीट्यूशनल इनोवेशन काउंसिल, पीडीपी एंड प्लेसमेंट सेल के संयुक्त तत्वावधान में छात्राओं को करियर के प्रति जागरूक करने के लिए कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान हिट बुल्स आई से असिस्टेंट वाइस प्रेजीडेंट गिन्नी बक्शी, बिजनेस डेवलपर मैनेजर सुरभि, असिस्टेंट मैनेजर आरूषी नेगी तथा जेएमआईटी रादौर से आई मैनेजमेंट विभाग अध्यक्ष अनूजा व असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ.साधना ने छात्राओं को प्रतियोगिक परीक्षा की तैयारी, उद्यमिता कौशल व रोजगार योग्यता कौशल सहित अन्य विषयों के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कॉलेज प्रिंसीपल डॉ.सुरिंद्र कौर, इंस्टीट्यूशनल इनोवेशन काउंसिल कनवीनर विवेक व पीडीपी एंड प्लेसमेंट सेल कनवीनर डॉ.मोनिका शर्मा ने संयुक्त रूप से की। डॉ.सुरिंद्र कौर ने कहा कि विद्यार्थियों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए उनमें स्किल डेवलेपमेंट जरूरी है। ताकि वे खुद का रोजगार शुरू कर परिवार को आर्थिक मदद प्रदान कर सकें। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार से आए दिन तकनीक बदल रही है, उसी के मुताबिक छात्राएं भी अपने अंदर स्किल को डेवलेप करें। छात्राओं को संचार कौशल, समस्या समाधान, टीम वर्क और समय प्रबंधन जैसे गुणों को शामिल किया जाता है। मौके पर डॉ.मधु, डॉ.शिखा, पूजा सिंदवानी, परमेश कुमार, नेहा ठाकुर, डॉ.रिचा ग्रोवर, डॉ.रंजना, मनिका, ममता व इंद्रजीत कथूरिया आदि मौजूद थे।

भाजपा की प्रांतीय उपाध्यक्ष ने छछरौली में किया जनसंपर्क

सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का जनता को मिल रहा है सीधा लाभः कटारिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

- आज हमारा हरियाणा विश्व पटल पर चमक रहा

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में चल रही प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों व योजनाओं का सीधा लाभ जनता को मिल रहा है। उक्त शब्द भाजपा की प्रांतीय उपाध्यक्ष बंतो कटारिया ने छछरौली क्षेत्र में जनसंपर्क के दौरान पार्टी के जिला मीडिया प्रभारी कपिल मनीष गर्ग के कार्यलय में बातचीत करते हुए कहे। भाजपा की वरिष्ठ नेत्री बंतो कटारिया ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी व भाजपा सरकार की हर नीति जन हित में है। हरियाणा की भाजपा सरकार ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में अनेकों ऐसी जनकल्याणकारी योजनाएं बनाई हैं। जिनका सीधा लाभ जनता को मिल रहा है। भाजपा सरकार ने व्यवस्था परिवर्तन करने का काम किया है। लोगों को ऑनलाइन तरीके से योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है। प्रदेश सरकार का प्रयास रहा है कि केंद्र और प्रदेश की योजनाओं का लाभ आखिरी छोर पर बैठे व्यक्ति तक को मिले। बंतो कटारिया ने कहा कि आज हमारा हरियाणा विश्व पटल पर चमक रहा है। यह हमारे मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अथक प्रयासों से संभव हुआ है। आयुष्मान भारत योजना का देश में करोड़ों लोग लाभ ले रहे हैं। इसी योजना के समानांतर हमारी सरकार ने चिरायु कार्ड योजना बनाई और गरीबों को पांच लाख तक का निःशुल्क इलाज कराने की सुविधा दी है।

यमुनानगर। छछरौली में जनसंपर्क के दौरान पत्रकारों से बातचीत करती हुई भाजपा की प्रदेश उपाध्यक्ष बंतो कटारिया।

एनएसएस शिविर के दौरान छात्रों ने किया उद्योग भ्रमण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर

रादौर। गांव दामला में धर्मवीर कांबोज से भेंट करते मुकंदलाल कॉलेज रादौर के विद्यार्थी।

मुकंदलाल नेशनल कॉलेज में चल रहा सात दिवसीय एनएसएस शिविर लगातार तीसरे दिन भी जारी रहा। इस दौरान कार्यक्रम अधिकारी प्रो.नवीन भारद्वाज एवं नीतू कंबोज ने बताया कि सुबह के सत्र में स्वयंसेवकों को धर्मवीर फूड प्रोसेसिंग टेक्नोलॉजी प्राइवेट लिमिटेड दामला में उद्योग भ्रमण कराया गया।

प्रगतिशील किसान धर्मवीर कांबोज ने वहां छात्रों को विभिन्न प्रकार की मशीनें दिखाई और उनके बारे में विद्यार्थियों को विस्तार से बताया। धर्मवीर कांबोज ने छात्रों को अपनी उपलब्धियों एवं अनुभवों के बारे में बताया। उन्हें अपने विचारों पर काम करने और नई खोज करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने छात्रों को अपने आसपास की समस्याओं का समाधान ढूंढने के लिए प्रेरित किया। इसके बाद उन्होंने अमरूद का रस निकाला व स्ट्रॉबेरी लस्सी बनाकर विद्यार्थियों को पिलाई। दोपहर बाद के सेशन में मुख्य वक्ता विल्सन कुमार शर्मा ने पीस ऑफ माइंड विषय पर अपनी तकनीक बताई।

पेंडिंग चालान का भुगतान न करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

यमुनानगर। यमुनानगर में नाका लगाकर वाहनों की जांच करती पुलिस टीम। फोटो : हरिभूमि

यातायात पुलिस द्वारा बुधवार को जिले में पेंडिंग चालान का भुगतान न करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ अभियान चलाया। इस दौरान यातायात थाना प्रभारी ने वाहनों को नाके पर रोककर उनके पेंडिंग चालान का भुगतान करवाया गया। बुधवार को थाना शहर यातायात प्रभारी उप निरीक्षक कुशल पाल के नेतृत्व में पुलिस टीम हाइवे पर पहुंची। जहां पर वाहनों को रोककर उनकी जांच की गई। जांच के दौरान जिन वाहन चालकों ने पेंडिंग वाहनों के भुगतान नहीं किए हुए थे। उनके वाहनों के ऑनलाइन भुगतान करवाया गया। उप निरीक्षक कुशल पाल ने बताया कि पुलिस महानिदेशक हरियाणा के निर्देशानुसार तथा पुलिस अधीक्षक के आदेश पर जिला पुलिस ने ट्रैफिक चालान का भुगतान न करने वाले चालकों के खिलाफ करवाई शुरू कर दी है। वाहनों के ट्रैफिक चालान लंबित है वह समय रहते इन्हें भरना सुनिश्चित करें। मगर इसके बावजूद भी वाहन चालकों ने पेंडिंग चालान का भुगतान नहीं किया।

ओवरलोड वाहनों के चलते रादौर के लोग परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर

रादौर। यमुनानगर के रादौर क्षेत्र से गुजरता ओवरलोड ट्रैक्टर-ट्राली। फोटो : हरिभूमि

रादौर क्षेत्र में लगातार चल रहे ओवरलोड वाहन रुकने का नाम नहीं ले रहे हैं। रादौर-जठलाना सड़क मार्ग के अलावा ओवरलोड वाहन शहर की गलियों व सड़कों पर सुबह के समय देखे जा सकते हैं। ओवरलोड वाहनों की जानकारी पुलिस विभाग के अलावा सभी शहर वासियों को भी है। लेकिन इन पर कोई अंकुश नहीं लग पा रहा है। क्षेत्रवासियों कमलेश, राजकुमार, रामकुमार, सुंदर, गौरव, राकेश, पवन, विजय, कर्ण व आनंद आदि ने बताया कि ओवरलोड वाहनों के कारण शहर की गलियां टूट चुकी हैं। ओवरलोड वाहन चालक चालान के डर से शहर की लोकल गलियों का रुख कर रहे हैं। जिस कारण शहर की तंग गलियों में ओवरलोड वाहन फंस जाते हैं और स्थानीय लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। ओवरलोड वाहन चालकों से इस बारे बोलने पर वे लड़ाई झगड़े तक करने को उतारू हो जाते हैं। सबसे अधिक परेशानी ओवरलोड ट्राली ट्रैक्टर चालकों से होती है।

कार्यक्रम ग्लोबल रिसर्च ग्रुप आफ इंस्टीट्यूशन रादौर में स्किल डेवलपमेंट पर कार्यशाला संपन्न

कौशल आधारित पहल विद्यार्थियों को नवाचार और आत्मनिर्भरता के लिए करती है प्रोत्साहितः डॉ. ढींगरा

यमुनानगर। ग्लोबल रिसर्च ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन रादौर में चल रही कार्यशाला के समापन पर रेजिन पैटर्न बनाने की कला सिखते हुए प्रतिभागी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

- कार्यशाला का संचालन फ्रीलांस रेजिन आर्टिस्ट ऋद्धि द्वारा किया गया

ग्लोबल रिसर्च ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन रादौर में स्किल डेवलपमेंट प्रोग्राम इनोवेटिव रेजिन आर्टिस्ट्रीज पर चल रही पांच दिवसीय कार्यशाला का समापन हो गया। कार्यशाला का संचालन प्रसिद्ध फ्रीलांस रेजिन आर्टिस्ट ऋद्धि द्वारा किया गया। कार्यक्रम में प्रतिभागियों ने रेजिन कला की उन्नत तकनीकों के बारे में जानकारी हासिल की। कार्यशाला के समापन अवसर पर अध्यक्षता संस्थान के प्राचार्य डॉ. अश्विनी ढींगरा ने की। संस्थान के प्राचार्य डॉ. अश्विनी ढींगरा ने बताया कि कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों ने मोल्डिंग, फिनिशिंग और पॉलिशिंग की बारीकियों को समझा और अपने रचनात्मक कौशल को निखारा। वहीं, कार्यक्रम में प्रतिभागियों ने जियोड इंस्पायर्ड डिजाइन, ग्लॉसी कोटिंग और सूक्ष्म डिटेलिंग जैसी आधुनिक तकनीकों का अभ्यास किया। जिससे खूबसूरत कीचेन, पेंडेंट और कलात्मक वॉल पीस बनाए। प्रशिक्षण सत्र में रंग संयोजन और रेजिन फ्लो डायनेमिक्स की गहरी समझ विकसित करने पर भी जोर दिया गया। जिससे प्रतिभागियों की सृजनात्मक क्षमता में उल्लेखनीय वृद्धि हुई। उन्होंने बताया कि इस पांच दिवसीय कार्यक्रम ने प्रतिभागियों को न केवल आर्टिस्टिक एन्हांसमेंट, वाइब्रेंट कलर ब्लेंड्स और जटिल रेजिन पैटर्न बनाने की कला सिखाई है। बल्कि उन्हें आत्म अभिव्यक्ति और नवाचार का भी अवसर प्रदान किया। प्राचार्य डॉ. अश्विनी ढींगरा ने कार्यक्रम के सफलता पूर्वक संपन्न होने पर प्रतिभागियों और आयोजकों के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम न केवल कलात्मक क्षमताओं को विकसित करते हैं। बल्कि रचनात्मक उद्यमिता के नए रास्ते भी खोलते हैं। कौशल आधारित पहल विद्यार्थियों को व्यावहारिक ज्ञान प्रदान कर नवाचार और आत्मनिर्भरता को प्रोत्साहित करती है। इस पांच दिवसीय कार्यशाला ने उभरते कलाकारों को रेजिन आर्ट के नए आयामों की खोज करने में सक्षम बनाया। डॉ. ढ़ींगरा ने कार्यशाला की संचालिका ऋद्धि गुप्ता के मार्ग दर्शन में आयोजित कार्यशाला के आयोजन के लिए उनका आभार प्रक्ट किया।

गुरु नानक खालसा कॉलेज में राष्ट्रीय संगोष्ठी आयोजित

नौकरी चाहने की बजाए प्रदाता बनें युवा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

गुरुनानक खालसा कॉलेज में आयोजित संगोष्ठी के दौरान संबोधित करते वक्ता।

गुरु नानक खालसा कॉलेज यमुनानगर के प्रशिक्षण एवं रोजगार प्रकोष्ठ और आईक्यूएसी ने कौशल विकास - रोजगार की ओर एक मार्ग विषय पर डीजीएचई अनुमोदित राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ कॉलेज गान और दीप प्रज्जवलन के साथ हुआ। प्राचार्या डॉ.प्रतिमा शर्मा ने मुख्य अतिथि कुवि के परीक्षा नियंत्रक डॉ.अंकेश्वर प्रकाश, मुख्य वक्ता प्रोफेसर प्रभारी कुवि प्रशिक्षण, इंटर्नशिप और रोजगार केंद्र डॉ.जसविंदर सिद्धू का स्वागत किया। प्रशिक्षण एवं रोजगार प्रकोष्ठ के समन्वयक डॉ.राजिंदर सिंह वोहरा ने संगोष्ठी का विषय प्रस्तुत किया और मुख्य अतिथि का परिचय कराया। मुख्य अतिथि डॉ. अंकेश्वर प्रकाश ने शिक्षा और उद्योग के बीच की खाई को पाटने में कौशल आधारित शिक्षा के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने इस बात पर प्रकाश डाला कि युवाओं को नौकरी चाहने वालों के बजाय नौकरी प्रदाता बनना चाहिए। उन्होंने जोर देकर कहा कि आज के गतिशील नौकरी बाजार में उद्यमी मानसिकता को बढ़ावा देना महत्वपूर्ण है, जहां नवाचार और अनुकूलनशीलता सफलता को परिभाषित करती है। उन्होंने छात्रों को अपने विचारों को स्थायी व्यावसायिक उपक्रमों में बदलने के लिए सरकारी कौशल विकास कार्यक्रमों और स्टार्टअप पहलों का लाभ उठाने के लिए भी प्रोत्साहित किया।

खबर संक्षेप

विद्यार्थी, शिक्षक, जुड़े बकेट चैलेंज के साथ

कुरुक्षेत्र। हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो द्वारा नशे के विरुद्ध अभियान के अंतर्गत बकेट चैलेंज अभियान चलाकर युवाओं को नशा मुक्त अभियान से जोड़ने का कार्य युद्ध स्तर पर किया जा रहा है। हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कण्ट्रोल ब्यूरो के पुलिस महानिदेशक श्री ओपी सिंह के दिशानिदेर्शों एवं मार्गर्शन और पुलिस अधीक्षक श्री मोहित हांडा एवं पुलिस अधीक्षक पंखुरी कुमार के नेतृत्व में यह अभियान जन जन तक पहुँच रहा है। सोशल मीडिया पर प्रत्येक व्यक्ति इस अभियान से जुड़कर गौरव का अनुभव करता है।

राष्ट्रीय लोक अदालत 8 मार्च को : नितिन राज

कुरुक्षेत्र। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव एवं सीजेएम नितिन राज ने कहा कि हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निदेर्शानुसार 8 मार्च को स्थानीय न्यायिक परिसर में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। इस राष्ट्रीय लोक अदालत में सभी तरह के मुकदमे जैसे चालान, दहेज, चेक बाउंस, रोड एक्सीडेंट, सिविल सूट आदि मुकदमे रखे जाएंगे। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव एवं सीजेएम नितिन राज ने आमजन का आह्वान किया है कि वे विभिन्न अदालतों में लंबित अपने मुकदमों को राष्ट्रीय लोक अदालत में रखकर स्थाई समाधान करवाएं।

फसल अवशेष प्रबंधन को लेकर किया जागरूक

थानेसर। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा के मार्गदर्शन में आईआईएचएस के डिपार्टमेंट ऑफ बॉटनी द्वारा सी.सी.एस.एच.ए.यू केवीके के सहयोग से फसल अवशेष प्रबंधन को लेकर विद्यार्थियों को जागरूक किया गया। कार्यक्रम में गेस्ट ऑफ ऑनर डॉ. सरिता रानी, जिला विस्तार विशेषज्ञ सस्य विज्ञान विभाग और डॉ. ममता, विषय वस्तु विशेषज्ञ कृषि मौसम विज्ञान विभाग ने विद्यार्थियों को फसल अवशेष प्रबंधन के बारे में बताया। उन्होंने बताया कि किस तरह फसल अवशेष हमारे पर्यावरण को हानि पहुंचाते हैं।

चैत्र चौदस मेले को लेकर आज होगी बैठक

पिहोवा। पिहोवा सरस्वती तीर्थ पर हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी चैत्र चौदस मेले का आयोजन 27 मार्च से 29 मार्च 2025 तक किया जा रहा है। इस मेले के प्रबंधों को लेकर 6 मार्च को सुबह 11:30 बजे किसान रेस्ट हाउस अनाजमंडी पिहोवा में एक बैठक होगी। इस बैठक में सभी विभागों के अधिकारी समय पर पहुंचना सुनिश्चित करेंगे। यह जानकारी एसडीएम पिहोवा कपिल शर्मा ने दी है। उन्होंने कहा कि 29 से ज्यादा विभागों के अधिकारी चैत्र चौदस मेले के प्रबंधों को पूरा करने में अपना सहयोग करेंगे।

किसी भी जीवंत लोकतंत्र में चुनाव एक अनिवार्य प्रक्रिया : सुनील बंसल

एक राष्ट्र एक चुनाव आधुनिक भारत की सबसे बड़ी जरूरत : कृष्णा बेदी

विधि संस्थान ने एक राष्ट्र एक चुनाव राष्ट्रीय कार्यशाला का किया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

कुरुक्षेत्र। कार्यशाला में मौजूद अतिथिगण।

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा के मार्गदर्शन में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के विधि संस्थान एवं विधि प्रकोष्ठ द्वारा एक राष्ट्र एक चुनाव कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला के मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री कृष्ण कुमार बेदी ने इस बात पर जोर दिया कि एक राष्ट्र एक चुनाव आधुनिक भारत की सबसे बड़ी जरूरत है। इसके तहत लोकसभा, राज्यसभा और राज्य विधानसभा चुनाव एक साथ हो सकते हैं जिससे शासन में निरंतरता आएगी, वित्तीय बोझ कम होगा और प्रशासनिक अधिकारियों पर काम का बोझ कम होगा। विशिष्ट वक्ता भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव सुनील बंसल ने कहा कि किसी भी जीवंत लोकतंत्र में चुनाव एक अनिवार्य प्रक्रिया है। स्वस्थ एवं निष्पक्ष चुनाव लोकतंत्र की आधारशिला होते हैं। अगर हम देश में होने चुनावों पर नजर डालें तो पाते हैं कि हर वर्ष किसी न किसी राज्य में चुनाव होते रहते हैं। इससे न केवल प्रशासनिक और नीतिगत निर्णय प्रभावित होते हैं बल्कि देश के खजाने पर भारी बोझ भी पड़ता है। इस सबसे बचने के लिये नीति निमार्ताओं ने लोकसभा तथा राज्यों की विधानसभाओं का चुनाव एक साथ कराने का विचार बनाया है। कार्यशाला का नेतृत्व विधि प्रकोष्ठ के प्रभारी प्रो. अमित लुदरी एवं विधि संस्थान की निदेशक प्रो. सुशीला देवी चौहान ने किया। कार्यक्रम की शुरूआत प्रो. अमित लुदरी ने सभी गणमान्य व्यक्तियों का औपचारिक स्वागत करके की। प्रो. सुशीला देवी चौहान ने एक राष्ट्र एक चुनाव राष्ट्रीय कार्यशाला की रूपरेखा प्रस्तुत की। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि इस कार्यशाला का उद्देश्य सभी को एक राष्ट्र एक चुनाव के बारे में परिचित कराना है तथा साथ ही इसकी विशेषताओं एवं प्रावधानों पर विचार साझा करना है। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलन एवं मां सरस्वती वंदना के साथ हुई। कार्यशाला में विशिष्ट वक्ताओं के रूप में इंद्रजीत मेहता सदस्य हरियाणा राज्य विधि आयोग, एडवोकेट विजयपाल राज्य संयोजक, एक राष्ट्र एक चुनाव समिति, मदन मोहन छाबड़ा, अध्यक्ष 48 कोस तीर्थ निगरानी समिति, कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड ने अपने संबोधन में एक राष्ट्र एक चुनाव के महत्व पर जोर दिया। कार्यक्रम के अंत में विधि संस्थान के उपनिदेशक एवं कार्यशाला के आयोजन सचिव डॉ. रमेश सिरोही ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

एक राष्ट्र एक चुनाव विकासोन्मुखी विचार: छाबड़ा

48 कोस तीर्थ निगरानी समिति के अध्यक्ष मदन मोहन छाबडा ने कहा कि एक राष्ट्र एक चुनाव विकासोन्मुखी विचार है। लगातार चुनावों के कारण देश में बार-बार आदर्श आचार संहिता लागू करनी पड़ती है। इसकी वजह से सरकार आवश्यक नीतिगत निर्णय नहीं ले पाती और विभिन्न योजनाओं को लागू करने समस्या आती है। इसके कारण विकास कार्य प्रभावित होते हैं।

ये रहे मौजूद

इस अवसर पर डॉ. प्रीति जैन, डॉ. प्रोमिला, डॉ. सुधीर, डॉ. अजीत चहल, डॉ. रमेश सिरोही, डॉ. आरुषि मित्तल, डॉ. प्रियंका चौधरी, डॉ. पूजा, डॉ. दीप्ति चौधरी, डॉ. तृप्ति चौधरी, डॉ. प्रोमिला, डॉ. उर्मिला, डॉ. जय किशन भारद्वाज, डॉ. नीरज, डॉ. मनजिंदर गुलयानी, डॉ. शालू अग्रवाल, डॉ. पूनम शर्मा, डॉ. कृष्ण अग्रवाल, डॉ. मोनिका, डॉ. अमित कंबोज, डॉ. जतिन, डॉ. संतलाल, डॉ. सुमित, डॉ. सुरेंद्र, श्री. कर्मदीप, बसंत सक्सेना और विधि संस्थान के छात्र उपस्थित थे।

दूसरे दिन भी बच्ची का नही मिल सका सुराग, सर्च अभियान जारी

पिता ने अपनी 7 साल की बेटी को नहर में फेंका

- पुलिस ने आरोपी से रिमांड के दौरान घटना में प्रयोग की गई मोटरसाइकिल की बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

कुरुक्षेत्र। नहर किनारे बैठी बच्ची की मां शांति।

घरेलू कलह के चलते एक पिता द्वारा अपनी सात वर्षीय बेटी को भाखड़ा नहर में फेंकने के मामले में आज बुधवार को दूसरे दिन भी बच्ची का कोई सुराग नही मिला है। हालांकि गोताखोर प्रगट सिंह एवं एसडीआरएफ की टीम ने संयुक्त अभियान चलाया लेकिन बच्ची का सुराग नही लग पाया है। दूसरी ओर बच्ची के ना मिलने पर बच्ची की मां शांति का बुरा हाल है। शांति अपनी बच्ची को ढूंढने के लिए बुधवार को नरवाना ब्रांच नहर पर पहुंच गई और काफी देर तक नहर किनारे बैठकर बच्ची के मिलने की टकटकी लगाए बैठी रही। गोताखोर प्रगट सिंह व पुलिस अधिकारियों ने शांति देवी को विश्वास दिलाया कि वे बच्ची को ढूंढ लेंगे। दूसरी ओर यह बात भी सामने आई है कि आरोपी पिता ललित सात साल की बच्ची को नहर में फेंकने के बाद दूसरी बच्ची को भी स्कूल में लेने के लिए पहुंचने वाला था लेकिन एन वक्त पर शांति देवी ने मामले की सारी जानकारी पुलिस व स्कूल के प्रबंधकों को दे दी। यह बात शांति देवी ने बुधवार को मीडिया के समक्ष बताई। बच्ची के पिता की शिनाख्त पर मंगलवार को नहर पर पुलिस ने गोताखोर प्रगट सिंह व एसडीआरएफ की टीम ने नहर में करीब सात किलोमीटर तक सर्च अभियान चलाया।

बच्ची की तलाश जारी: थाना प्रभारी

सदर थाना प्रभारी बलजीत सिंह का कहना है कि बुधवार को दूसरे दिन भी नहर में गोताखोर व एसडीआएफ की टीमों ने सर्च अभियान चलाया है लेकिन कोई सुराग नही लग पाया है। गोताखोर प्रगट सिंह व एसडीआरएफ की टीम बच्ची की तलाश कर रही है। उम्मीद है कि बच्ची को जल्द ही ढूंढ लिया जाएगा। बलजीत सिंह ने बताया कि पुलिस ने रिमांड के दौरान आरोपी की निशानदेही पर उस मोटरसाइकिल को बरामद किया है जिस मोटरसाइकिल पर आरोपी अपनी बच्ची को नहर में फेंकने के लिए लेकर गया था। आरोपी ने ओर भी कई जगहों पर जाकर पुलिस को उन स्थानों की निशानदेही करवाई है जहां पर वह बच्ची को लेकर घूमता

डीएसपी ने किया गांव मदनपुर का दौरा

- जिला पुलिस का कुरुक्षेत्र को नशा मुक्त बनाने का प्रयास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिहोवा

पुलिस जिला कुरुक्षेत्र को नशा मुक्त बनाने में जुटी है। पुलिस अधीक्षक वरुण सिंगला के कुशल मार्ग-दर्शन में पुलिस के अधिकारियों के ग्रामीण दौरे लगातार जारी हैं। पुलिस के अधिकारी गांव के प्रतिनिधियों और मौजिज व्यक्तियों के साथ लगातार संपर्क साध रहे हैं और उनके साथ बैठक कर गांव को नशामुक्त बनाने को लेकर विचार-विमर्श करके प्लान तैयार किया जा रहा है। इसी कड़ी में मगलवार को डीएसपी पिहोवा निर्मल सिंह ने गांव मदनपुर आदि गांव का दौरा कर ग्रामीणों के साथ बैठकों का आयोजन किया। जानकारी देते हुए पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि मंगलवार को डीएसपी पेहवा निर्मल सिंह ने गांव मदनपुर में ग्रामीणों के साथ बैठक कर गांवों को नशामुक्त बनाने की रणनीति तैयार की तथा गांवों को नशामुक्त करने तथा ग्रामीणों को नशे से दूर रखने को लेकर विचार-विमर्श किया। आमजन से बात करते हुए ने डीएसपी ने कहा कि पुलिस और आमजन अगर तालमेल के साथ कार्य करे तो नशे जैसी बुराई पर नियत्रंण पाया जा सकता है। उन्होंने बैठक में मौजूद व्यक्तियों को कहा कि यदि आपके गांव में कोई व्यक्ति नशा करता है या नशा बेचता है तो उसकी सूचना तुरंत पुलिस थाना में उप पुलिस अधीक्षक ने ग्रामवासियों से ग्राम प्रहरी का सहयोग करने की अपील की ताकि अपराधो पर अंकुश लगाया जा सके। ग्रामीणों ने उप पुलिस अधीक्षक को पुलिस प्रशासन का सहयोग करने का आश्वासन दिया।

स्वयंसेवकों ने लोगों को स्वस्थ होली मनाने के लिए किया प्रेरित

कुरुक्षेत्र। भगवान परशुराम कॉलेज में एन.एस.एस. स्वयंसेवकों द्वारा आयोजित आउटरीच कार्यक्रम के अंतर्गत सेक्टर -5 में जागरूकता रैली निकाली गई जिसका विषय आओ मिलकर खेले होली, जो पर्यावरण अनुकूल होगी। रैली के माध्यम से स्वयंसेवकों ने लोगों को पर्यावरण-संरक्षण और स्वस्थ होली मनाने के लिए प्रेरित किया गया। स्वयंसेवकों ने हल्दी, चुकंदर, गुलाब जैसे प्राकृतिक रंगों के उपयोग पर जोर देते हुए केमिकल युक्त रंगों से होने वाले त्वचा जैसी बीमारियों के खतरों के बारे में जागरूक किया।

जिला बार एसो. के नवनिर्वाचित प्रधान व टीम ने संभाला पदभार

- भारी मतों से विजय प्राप्त की व शपथ ग्रहण की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

जिला बार एसोसिएशन के चुनाव में भारी मतों से विजय हुए प्रधान धर्मेंद्र अत्री के साथ संजीव धवन सचिव, विक्रांत जांगड़ा सह सचिव, सौरव शर्मा जालखेड़ी उप प्रधान, गुंजन लेडी एग्जीक्यूटिव, अखिल चौहान कैशियर ने शपथ ली। मंच संचालन पूर्व सचिव मनोज ने किया। रिटर्निंग ऑफिसर केके कौशिक, एआरओ सुमेर कैरो भी मंच पर विराजमान रहे। शपथ ग्रहण समारोह में संजय वालिया, मनोज कौशिक पूर्व प्रधान, सौरभ दत्त शर्मा पूर्व प्रधान, धर्मेंद्र पूर्व सचिव, विक्रम शर्मा पूर्व सचिव, बलविंदर कमौदा पूर्व सचिव, राजीव गौड, सुदेश कौशिक, जरनैल रंगा नीरज अग्रवाल, प्रवास चौधरी, राजेंद्र जुनेजा पूर्व प्रधान सहित कई अधिवक्ता मौजूद रहे। आराधना साहनी जिला एवं सत्र न्यायालय ने मुख्य तौर पर शिरकत की। आशु जैन, अमरिंदर शर्मा, हेमराज, जतिन गर्ग, अरविंद, सतीश कुमार व अन्य सभी जुडिशल ऑफिसर ने नई निर्वाचित टीम को बधाई दी।

थाम लो ना हाथ मेरा सांवरे, हार कर दरबार तेरे मैं आया हूं....भजन पर झूमे श्यामप्रेमी

कुरुक्षेत्र। समस्त श्यामप्रेमी परिवार कुरुक्षेत्र द्वारा मंगलवार रात्रि ब्रह्मसरोवर स्थित द्रोपदीकूप श्री श्याम मंदिर में 541वां श्री श्याम संकीर्तन एवं भंडारा आयोजित किया गया। श्यामप्रेमी अजय गोयल ने बताया कि श्याम प्रभु के प्रिय माह फाल्गुन के उपलक्ष्य में संकीर्तन से पूर्व संध्याकाल में महिला श्रद्धालुओं द्वारा निशान यात्रा आयोजित की गई जिसमें लगभग 80 महिलाएं बाबा श्याम के चिह्न लेकर शामिल हुई। कार्यक्रम में सभी श्यामप्रेमियों ने पूजन में हिस्सा लिया। इस दौरान बड़ी संख्या में पहुंचे श्यामप्रेमियों ने पंक्तिबद्ध होकर दरबार में शीश नवाया। आमंत्रित गायक जतिन जिंदल ने श्याम जी के एक से बढ़कर एक भजन सुनाए जिनमें थाम लो ना हाथ मेरा सांवरे, हार कर दरबार तेरे मैं आया हूं..... इत्यादि भजनों पर श्याम प्रेमी झूम उठे। खाटू श्याम कथा में बताया गया कि ये हारे के सहारे हैं,दिनोंदिन श्यामप्रेमियों की संख्या बढ़ती जा रही है। अगला खाटू श्याम संकीर्तन व भंडारा शुक्रवार,7 मार्च को विष्णु कॉलोनी में होगा।

महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम मनाया

- सेवा ट्रस्ट यूके ने महिला सशक्तिकरण की ओर बढ़ाया कदम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

सेवा ट्रस्ट यूके (भारत) द्वारा महिला सशक्तिकरण की ओर एक कदम बढ़ाते हुए अग्रवाल धर्मशाला कुरुक्षेत्र में कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि हिन्दुस्तान स्काउट गाइड के जिला सचिव राजिंदर सैनी रहे। उन्होंने बताया कि सेवा ट्रस्ट द्वारा महिला सशक्तीकरण के लिए सिलाई-कटाई सेंटर, कम्यूटर शिक्षा, ब्यूटी पार्लर, स्वरोजगार सेंटर जैसे कार्यक्रम चलाये हुए हैं जो की महिला सशक्तीकरण के लिए एक नीव के पत्थर का काम कर रहे है। इन कार्यक्रम के माध्यम से महिलाए अपने परिवार का पालन-पोषण अच्छे से कर रही है सेवा ट्रस्ट सही मायने में महिला सशक्तिकरण अभियान को चला रही है। इसके लिए सेवा ट्रस्ट बधाई की पात्र है। सेवा ट्रस्ट के जिला कोऑर्डिनेटर पवन मित्तल ने बताया कि सेवा ट्रस्ट इन सामाजिक कार्यो के अलावा अंबाला के गांव साहा में सेवा धाम के नाम से मल्टी फैसिलिटी होम बनाया जा रहा है जिसमें करोड़ों रुपए की लागत से अनेक प्रकार की सामजिक सुविधाएं शुरू की जाएंगी जिसमे दुर्लभ रोग ड्यूकेन मस्क्यूलर डिस्ट्रॉफी बीमारी से ग्रस्त बच्चों की मदद के लिए 6655 वर्ग गज में बन रहे सेवा धाम का निर्माण तेजी से चल रहा है ताकि इस बीमारी से ग्रसित नन्ही जिंदगियों को बचाया जा सके। इस मौके पर सुनीता देवी खेड़ी ब्राह्मण, मीना अमीन, ममता देवी, रीना, ज्योति, वर्षा, रेखा कमोदा आदि महिलाएं उपस्थित रही।

रिटायर कर्मचारी संघ की मीटिंग आयोजित

कुरुक्षेत्र। ओमप्रकाश जिला प्रधान की अध्यक्षता में रिटायर कर्मचारी संघ कुरुक्षेत्र की मीटिंग सम्पन्न हुई। जिस का संचालन बलराज कुंडू जिला सचिव ने किया। मीटिंग में रिटायर कर्मचारियों की मांगों जैसे कि रिटायर कर्मचारियों को 3000 रुपए मैडिकल भत्ता दिया जाए, सभी हस्पतालों में कैस लैस सुविधा उपलब्ध कराई जाए, 65 व 70 साल उम्र होने पर 10 व 20 % मूल वेतन में बढ़ौतरी की जाए , बस व ट्रेन में फ्री यात्रा उपलब्ध कराई जाए, कम्यूटेशन राशि दस साल आठ महीने ही काटी जाए आदि मांगों को लेकर कुरुक्षेत्र उपायुक्त कार्यालय पर राज्य स्तरीय धरने की तैयारियों की रूपरेखा तैयार कि गई। मीटिंग में मुख्य रूप से मान सिंह, महावीर दहिया,सनील रत्न,मा दयानंद ब्लाक अध्यक्ष थानेसर, महेंद्र पाल, सुरेंद्र यादव, बलदेव राज, तिलक राज, अनिल कुमार, अशोक कुमार, अशोक यादव ने भी अपने विचार रखे।

शहर को सुंदर बनाने के लिए स्वच्छता पर करना होगा फोकस : नेहा सिंह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

उपायुक्त नेहा सिंह ने कहा कि शहर को स्वच्छ बनाने के लिए अधिकारियों को निरंत अपने प्रयास जारी रखने होंगे। इस शहर को स्वच्छ रखने के लिए निरंतर स्वच्छता पर पूरा ध्यान देना होगा।

इस शहर को स्वच्छ बनाने के लिए आम नागरिक के सहयोग की भी निहायत जरूरत होगी। सभी के सांझे प्रयासों से ही स्वच्छ भारत सर्वेक्षण की रैंकिंग में सुधार होगा। उपायुक्त नेहा सिंह ने कुरुक्षेत्र जिले के सभी शहरों को स्वच्छ बनाएं रखने के लिए एसडीएम को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि पिछले कुछ समय से थानेसर को स्वच्छ बनाने के लिए सराहनीय प्रयास किए गए और पूरे शहर में स्वच्छता अभियान का असर देखने को मिला। इसके लिए नगर परिषद थानेसर के अधिकारी, कर्मचारी और पूरी टीम बधाई के पात्र है। इस टीम ने पूरी मेहनत और मुश्कत के साथ शहर के सभी डम्पिंग स्थलों को समाप्त करने का काम किया। अब इन डम्पिंग स्थलों पर पार्क या अन्य सौन्द्रर्यकरण का कार्य देखने को मिल रहा है। उन्होंने कहा कि शहर को स्वच्छ बनाने के लिए अधिकारियों और कर्मचारियों को भविष्य में भी पूरी मेहनत और इमानदारी के साथ स्वच्छता अभियान को आगे बढ़ाना है। इसके साथ ही स्वच्छ भारत मिशन के तहत स्वच्छता सर्वेक्षण सर्वे के लिए लोगों से फीडबैक भी लेना है। इस फीडबैक के लिए बकायदा एक लिंक एसबीएमअर्बनडॉटओआरजी पर फीडबैक भी देना है। इस फीडबैक के तहत 10 प्रश्नों के जवाब देने होंगे।

मांग ब्राह्मण संगठनों ने राष्ट्रपति तथा प्रधानमंत्री के नाम डीसी को सौंपा ज्ञापन

भगवान परशुराम के प्राकट्य दिवस पर पूरे देश में स्थाई अवकाश घोषित करने की मांग

- शिष्ट मंडल को यह ज्ञापन उचित स्थान भेजने पर आश्वासन दिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

कुरुक्षेत्र। उपायुक्त नेहा सिंह को ज्ञापन सौंपते हुए श्रीब्राह्मण तीर्थोद्वार सभा तथा अन्य ब्राह्मण संगठनों के प्रतिनिधि।

श्रीब्राह्मण तीर्थोद्वार सभा के नेतृत्व में ब्राह्मण संगठनों ने उपायुक्त के माध्यम से भारत की राष्ट्रपति एवं प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन भेजकर मांग की है कि भगवान परशुराम प्राकट्य दिवस अक्षय तृतीया पर पूरे देश में स्थाई अवकाश घोषित किया जाए। ज्ञापन सौंपने वालों में श्रीब्राह्मण तीर्थोद्वार सभा के मुख्य सलाहकार जयनारायण शर्मा, प्रधान श्याम सुंदर तिवारी, प्रधान महासचिव रामपाल शर्मा, अखिल भारतीय सारस्वत सभा एवं धर्मशाला के राष्ट्रीय अध्यक्ष नरेंद्र शर्मा निंदी, भगवान परशुराम दल के जिला संयोजक महावीर कौशल तथा सूर्य प्रकाश शास्त्री शामिल थे। उपायुक्त नेहा सिंह ने शिष्ट मंडल को यह ज्ञापन उचित स्थान भेजने पर आश्वासन दिया। ज्ञापन में कहा गया है कि सरकार द्वारा सभी धर्मों का सम्मान करते हुए उनके पर्व, त्यौहार व आराध्यों के प्राकट्य दिवसों पर स्थाई अवकाश निर्धारित किए गए है। इसी के साथ-साथ देश में प्रमुख राजनेताओं, समाज सुधारकों व महापुरुषों की जयंतियों पर भी अवकाश घोषित है, लेकिन भगवान परशुराम प्राकट्य दिवस अक्षय तृतीया पर राष्ट्रीय स्थाई अवकाश घोषित नहीं है, जोकि सरकारों की अनेदखी कहा जा सकता है। ज्ञापन में देश की राष्ट्रपति एवं प्रधानमंत्री से अनुरोध किया गया है कि उपरोक्त तथ्यों पर सहानुभूति पूर्वक विचार करते हुए भगवान परशुराम के प्राकट्य दिवस व धार्मिक आस्था से जुड़े अक्षय तृतीया पर्व पर पूरे देश में स्थाई अवकाश घोषित करते हुए जन भावनाओं का सम्मान करने का उपकार करें।

इससे पहले भी उठाई गई थी मांग

इससे पहले भी अनेक ब्राह्मण संगठनों ने यह मांग उठाई थी, लेकिन पूर्व सरकारों ने इसे गंभीरता से नहीं लिया। भगवान परशुराम किसी समुदाय विशेष के आराध्य नहीं बल्कि सर्व समाज के भगवान है। ऐसी स्थिति में उनके प्राकट्य दिवस पर अवकाश न किया जाना धार्मिक आस्था के प्रति खिलवाड़ के साथ-साथ जन श्रद्धाओं पर कुठाराघात भी है। हमारा देश प्राचीन काल से ही सनातन परंपराओं को मानने वाला देश रहा है।

फसल खराबे का मुआवजा देने की मांग, सौंपा पत्र

कुरुक्षेत्र। भारतीय किसान यूनियन चढ़ूनी ने उपायुक्त कुरुक्षेत्र को पत्र सौंपकर ओलावृष्टि के कारण तहसील शाहबाद के गांव दाऊ माजरा, सम्बलखी, लंडी, कल्याणा, रामनगर, पट्टी काकड़ा व पट्टी तगड़ा में फसल रबी के नुकसान को लेकर विनती की कि इन गांव की स्पेशल गिरदावरी कारवाई जाए व खराब हुई फसलों का मुआवजा दिलाया जाए। मीडिया प्रभारी राकेश बैंस ने उपायुक्त को लिखे पत्र में कहा है कि उन्हें ज्ञात हुआ है की तहसीलदार की गलत रिपोर्ट के चलते जिला कुरुक्षेत्र का ई - क्षतिपूर्ति पोर्टल नही खोला गया है जिस कारण से तहसील शाहबाद के गांव दाऊ माजरा, सम्बलखी, लंडी, कल्याणा, रामनगर, पट्टी काकड़ा व पट्टी तगड़ा में हुए भारी नुकसान के बारे किसान ई क्षतिपूर्ति पोर्टल पर खराब हुई फसल का ब्यौरा दर्ज नही कर पा रहे है जबकि सरकार द्वारा पोर्टल पर खराबा दर्ज करवाने की अंतिम तारीख 10 मार्च की घोषणा की हुई है।

खबर संक्षेप

विद्यार्थियों ने भौगोलिक मॉडल प्रस्तुत किया

नारायणगढ़। राजकीय कालेज के भूगोल विभाग के विद्यार्थियों ने प्राचार्य डॉ खुशीला की अध्यक्षता तथा कार्यकारी प्राचार्य देवेंद्र ढींगरा की अगुवाई में डीएवी कॉलेज अंबाला सिटी में हुए राज्य स्तरीय भूगोल एग्जीबिशन में हाइड्रोलॉजिकल बलबसम पर भौगोलिक मॉडल प्रस्तुत किया। भौगोलिक मॉडल का प्रस्तुतीकरण छवि और गौरव ने किया। छात्रा छवि ने भौगोलिक मॉडल का प्रस्तुतीकरण प्रस्तुत करते हुए बताया कि किस प्रकार से बादल बनकर वर्षा होती है। नदियों का निर्माण हो जाता है। इस दौरान सहायक प्राध्यापक डॉ. सतीश कुमार और बालाराम भी साथ रहे।

कमानीदार चाकू सहित आरोपित गिरफ्तार

अंबाला। थाना साहा क्षेत्र से अवैध हथियारों की तस्करी के मामले में सीआईए-शहजादपुर ने आरोपी हैप्पी को कमानीदार चाकू सहित गिरफ्तार किया है। सीआईए-शहजादपुर को सूचना मिली थी कि आरोपी अवैध हथियार लेकर साहा से अंबाला रोड सरकारी नर्सरी के पास सड़क किनारे खड़ा है। जो किसी भी अप्रिय घटना को अंजाम दे सकता है। सूचना उपरांत रेड कर आरोपी को काबू किया गया।

चोरी के मामले में आरोपी गिरफ्तार

अंबाला। थाना नारायणगढ़ क्षेत्र से चोरी के मामले में पुलिस ने आरोपी संदीप कुमार को गिरफ्तार किया है। पीड़ित महिला ने 4 मार्च 2025 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि कालाअंब में स्थित उसके घर से आरोपी ने गैस सिलेंडर चोरी किया है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी के कब्जे से सिलेंडर जब्त किए हैं।

नशा तस्करी का आरोपी जांच में किया शामिल

अंबाला। थाना महेशनगर में दर्ज नशा तस्करी के मामले में एंआी नारकोटिक सैल ने आरोपी सौरभ को अदालत के आदेश पर शामिल जांच किया है। 27 जनवरी को एएनसी को सूचना मिली थी कि आरोपी मादक पदार्थों की तस्करी का कार्य करता है। शमशान घाट बब्याल के पास एक्टिवा पर ग्राहक को मादक पदार्थ देने आएगा। सूचना पर पुलिस ने आरोपी का 12 ग्राम 35 मिलिग्राम मादक पदार्थ हेरोइन समेत काबू किया था।

नेशनल लोक अदालत में केसों का होगा निपटारा

अंबाला। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव एवं सीजेएम प्रवीण ने बताया कि 8 मार्च 2025 को इस वर्ष की पहली राष्ट्रीय नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जायेगा। उन्होंने बताया कि नेशनल लोक अदालत का आयोजन 8 मार्च 2025 को अंबाला एवं नारायणगढ़ की सभी अदालतों में होना सुनिश्चित किया गया है। उन्होंने लोगों से अपील की है कि यदि कोई भी व्यक्ति अपने केस को नेशनल लोक अदालत में निपटारा करवाना चाहता है तो वह न्यायलय में अपने केस को लगवा सकता है।

मॉडल श्रेणी में सर्वश्रेष्ठ प्रस्तुतकर्ता का पुरस्कार अतिशय को मिला

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

डीएवी महाविद्यालय में राज्य स्तरीय प्रदर्शनी व पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन

अंबाला शहर के डीएवी महाविद्यालय के भूगोल विभाग ने राज्य स्तर पर भूगोल प्रदर्शनी और पोस्टर प्रस्तुति प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में विभिन्न कॉलेजों से 11 टीमों ने विभिन्न मॉडल प्रस्तुत किए और 15 टीमों ने अपने पोस्टर भी प्रदर्शित किए। प्रतिभागियों ने प्राकृतिक संसाधन, पर्यावरण संरक्षण, प्राकृतिक आपदाओं और उनके प्रबंधन, सतत पोषणीय विकास, प्रदूषण के प्रकार और उनके निवारण, हवाई फोटोग्राफी और रिमोट सेंसिंग के अतिरिक्त भौतिक भूगोल और मानव भूगोल से संबंधित महत्वपूर्ण मुद्दों पर अपने मॉडल और पोस्टर प्रस्तुत किए। इस कार्यक्रम के संयोजक उपप्राचार्य व भूगोल विभाग के विभागध्यक्ष प्रोफेसर आरएस परमार रहे जबकि डॉक्टर नरेंद्र कुमार सह संयोजक और मनीष कुमार आयोजन सचिव रहे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के भूगोल विभाग के विभागाध्यक्ष प्रोफेसर एसपी कौशिक उपस्थित हुए। निर्णायक मंडल में डॉ. अनुपमा सिहाग, मनोविज्ञान विभाग, गांधी मेमोरियल नेशनल महाविद्यालय अंबाला कैंट और डॉ. सरिता राणा जीव विज्ञान विभाग, इंटीग्रेटेड और ऑनर स्टडी इंस्टीट्यूट, कुरूक्षेत्र विश्वविद्यालय से शामिल हुए। निर्णायक मंडल मे महाविद्यालय स्तर की प्रतियोगिताओ का आंकलन डॉ. रेखा शर्मा, प्रो. क्यूट, डॉ. गरिमा एवं डॉ. प्रियंका ने किया। कार्यक्रम का उद्घाटन प्रधानाचार्य प्रोफेसर राजीव महाजन तथा महाविद्यालय के उप प्राचार्य प्रोफेसर आरएस परमार ने किया। उन्होंने प्रदर्शित किए गए प्रत्येक मॉडल और पोस्टर का निरीक्षण किया और प्रतिभागियों की मेहनत और समर्पण की सराहना की। निर्णायकों ने भी सभी पोस्टर और मॉडल का ध्यान पूर्वक मूल्यांकन किया। जिसमें प्रतिभागियों की रचनात्मकता, ज्ञान और प्रस्तुति कौशल का मूल्यांकन किया गया। प्रतियोगिता को दो श्रेणियां में विभाजित किया गया। पहली श्रेणी में भूगोल के मॉडल और दूसरी श्रेणी में पोस्टर प्रस्तुति शामिल रहे। भूगोल के मॉडल श्रेणी में राज्य स्तर की प्रतियोगिता में पहला स्थान सरकारी महाविद्यालय बरवाला के सचिन और राज तिवारी ने प्राप्त किया जबकि दूसरा स्थान सरकारी स्नातकोत्तर महाविद्यालय अंबाला कैंट के लविता और अंकित ने और तीसरा स्थान कुमारी विद्यावती आनंद डीएवी कन्या महाविद्यालय करनाल की अवनी और जानवी ने प्राप्त किया। मॉडल श्रेणी में सर्वश्रेष्ठ प्रस्तुतकर्ता का पुरस्कार डीएवी महाविद्यालय अंबाला शहर के अतिशय को प्रदान किया गया। सांत्वना पुरस्कार सरकारी महाविद्यालय नारायणगढ़ के गौरव और छवि को व दूसरा सांत्वना पुरस्कार सरकारी स्नातकोत्तर महाविद्यालय सेक्टर- 1, पंचकूला के रणदीप और आशीष को दिया गया। पोस्टर प्रस्तुति श्रेणी में राज्य स्तर का पहला पहला पुरस्कार डीएवी कालेज अंबाला शहर की सरिता को, दूसरा पुरस्कार कुमारी विद्यावती आनंद डीएवी कन्या महाविद्यालय करनाल की टीना को और तीसरा पुरस्कार सरकारी महाविद्यालय बरवाला के महफूज को दिया गया।

प्रिया को पोस्टर श्रेणी में सर्वश्रेष्ठ का पुरस्कार

मॉडल श्रेणी में साक्षी और तनु की टीम ने पहला, छवि और प्रतिष्ठा की टीम ने दूसरा और कारणदीप, सचिन और नावेद की की टीम ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। इस श्रेणी में सर्वश्रेष्ठ प्रस्तुतकर्ता का पुरस्कार सपना को दिया गया। इस श्रेणी में पहला सांत्वना पुरस्कार प्रिया,कृति और आस्था की टीम को जबकि दूसरा सांत्वना पुरस्कार उर्वशी वर्मा और हरमनप्रीत कौर की टीम को दिया। पोस्टर प्रस्तुति श्रेणी में आदित्य ने पहला, प्रिया ने दूसरा और सतीश ने तीसरा पुरस्कार प्राप्त किया। प्रिया को पोस्टर श्रेणी में सर्वश्रेष्ठ प्रस्तुतकर्ता का पुरस्कार भी दिया गया।

हिस्सेदारी करती छात्राएं

पटवारी कर रहे रिकॉर्ड को अपडेट

सदर नप की 57 अवैध कॉलोनियों को वैध करने की प्रक्रिया प्रारंभ

निकाय की चुनावी प्रक्रिया पूरी होते ही कॉलोनियों में रहने वाले लोगों को मिलेगी बुनियादी सुविधाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

अंबाला सदर नगर परिषद की 57 अवैध कॉलोनियों को वैध करने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। तहसीलदार इन कॉलोनियों के रिकॉर्ड को अपडेट कर रहे हैं। इन कॉलोनियों के रिकॉर्ड को अपडेट करने का मुख्य कार्य संबंधित क्षेत्र के पटवारियों को सौंपा गया है। इसके बाद पटवारी ही कॉलोनियों को लेकर अपनी अंतिम रिपोर्ट तहसीलदार को सौंपेंगे। इसके बाद कॉलोनियों को नगर निकाय के पोर्टल पर अपडेट कर दिया जाएगा, जिससे कि यहां के लोगों को मूलभूत सुविधाएं, जैसे सड़क, बिजली, पानी और सीवर की व्यवस्था उपलब्ध कराई जा सके। इसके लिए नगर परिषद अपने स्तर पर कार्रवाई करेगा। कॉलोनी के हिसाब से ही विकास कार्यों की रूपरेखा तय की जाएगी। इसके आधार पर नगर परिषद का क्षेत्रफल भी बढ़ जाएगा।

तीन माह से अटकी थी फाइल

अवैध कॉलोनियों को वैध करने की प्रक्रिया पिछले लगभग तीन माह से रुकी थी। कभी पटवारियों की चुनाव में लगी ड्यूटी के कारण काम लंबित हो रहा था तो कभी ऑनलाइन पोर्टल अपडेट न होने के कारण कॉलोनियों का डाटा जुटाने में परेशानी हो रही थी। प्राप्त जानकारी अनुसार नगर परिषद ने दिसंबर 2024 में कॉलोनियों से संबंधित फाइल को अंबाला कैंट के उपमंडल कार्यालय में तहसीलदार के पास भेज दिया था।

जल्द जारी होगी अधिसूचना

नगर परिषद अंबाला सदर क्षेत्र के तहत बोह, बब्याल, मील के पीछे की कॉलोनियां, सुंदर नगर, श्याम नगर, विकास नगर, बैंक कॉलोनी, गोबिंद नगर, सुभाष नगर और करधान जैसी दर्जनों कॉलोनियों की जल्द ही अधिसूचना भी जारी हो जाएगी। इसके बाद वार्ड स्तर पर मतदाता सूची तैयार की जाएगी और जनसंख्या का भी आंकलन किया जाएगा।

अब तक 20 कॉलोनियों की फाइल तैयार

57 कॉलोनियों को वैध की मान्यता मिलने के बाद नगर परिषद ने 20 अन्य कॉलोनियों का खाका तैयार किया है। इसमें आनंद विहार, अर्जुन नगर, भगत सिंह कॉलोनी, डिफेंस कॉलोनी भाग-बी और सी, धीमान कांप्लेक्स, गणेश विहार, जिंदल कॉलोनी, करधान नगर, कौशिक विहार, माता मसानी रोड, निर्मल कांप्लेक्स, पूजा विहार, प्रभु प्रेम पुरम, रजत विहार, रामनगर, शिव कॉलोनी, सोनिया कॉलोनी और वर्मा कॉलोनी शामिल हैं। नायब तहसीलदार सुनील कुमार ने बताया कि चुनावों सहित अन्य कार्यों के कारण 57 अवैध कॉलोनियों को वैध करने की प्रक्रिया अटक गई थी। अब चुनाव खत्म हो गए हैं। संबंधित पटवारियों को निर्देश दिए गए हैं कि वो अपने से संबंधित जो भी काम है, उसे पोर्टल पर जल्द से जल्द अपडेट कर दें।

साइबर फ्रॉड

जागरुकता: अनजाने नंबर से आने वाली वीडियो कॉल पर न करें बात

अंबाला। कार्यक्रम के दौरान मौजूद लोग। फोटो :हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

साइबर अपराध के खिलाफ जागरुकता के लिए बुधवार को अंबाला शहर के हर्बल पार्क में पुलिस ने साइबर जागरूकता अभियान चलाकर आम नागरिकों को साइबर अपराधों से बचने बारे जागरूक किया। इस कार्यक्रम में लगभग 320 आम नागरिकों, पुलिस अधिकारियों/कर्मचारियों राहागिरो ने भाग लिया। साइबर जागरूकता कार्यक्रम के दौरान उपस्थितगणों को साइबर एक्सपर्ट बबीत कौशल व साइबर पुलिस टीम एएसआई फकीर चंद, मुख्य सिपाही अजय ने साइबर अपराधों से बचने बारे विशेष जानकारी दी। उन्होंने बताया कि किसी भी अनजान व्यक्ति की कॉल पर भरोसा करके आप अपने बैंक खाता/क्रेडिट/डेबिट कार्ड की जानकारी साझां ने करे। अपने फेसबुक, व्हटसएप्प का पासवर्ड समय-समय पर बदलते रहे। ओटीपी को किसी से भी शेयर न करें, किसी भी अनजान व्यक्ति का वीडियो काल न उठाएं।

बिना जानकारी के लालचवश ऑनलाइन सस्ते सामान को न खरीदे। पुलिस वर्दी में वीडियो कॉल करके डिजिटल अरेस्ट करने वालों से न डरें व पैसों के लालच में आकर किसी को भी अपना बैंक अकांउट न दें।

छात्राओं को आत्मरक्षा के लिए दिया प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

अंबाला। कार्यक्रम के दौरान मौजूद छात्राएं। फोटो :हरिभूमि

जीएमएन कॉलेज की एनएसएस की बालिका इकाई ने लड़कियों के लिए आत्मरक्षा प्रशिक्षण का आयोजन किया। महिलाओं की सुरक्षा के लिए बढ़ती चिंता के साथ, आत्मरक्षा प्रशिक्षण कॉलेजों में लड़कियों के सशक्तिकरण का एक अनिवार्य घटक बन गया है। प्रिंसिपल डॉ रोहित दत्त ने कॉलेज सेटिंग में लड़कियों के लिए आयोजित आत्मरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम के महत्व, लाभ और मुख्य बातों पर प्रकाश डाला। इस प्रशिक्षण का उद्देश्य लड़कियों को आत्मरक्षा कौशल से सशक्त बनाना, उन्हें कमजोर परिस्थितियों में खुद को बचाने के लिए व्यावहारिक तकनीकों से लैस करना और लड़कियों में आत्मविश्वास और आत्म-सम्मान को बढ़ावा देना है। यह प्रशिक्षण लड़कियों के लिए व्यावहारिक प्रशिक्षण और परिदृश्य-आधारित अभ्यासों के माध्यम से आत्मविश्वास और आत्म-मूल्य को बढ़ाएगा। इस तरह के प्रशिक्षण से महिलाओं की सुरक्षा के बारे में जागरूकता बढ़ेगी और उन्हें सामान्य सुरक्षा चिंताओं, जोखिम मूल्यांकन और रोकथाम रणनीतियों के बारे में शिक्षित किया जाएगा।

प्रतिभागियों ने आत्मरक्षा के गुर सीखे

प्रतिभागियों ने आवश्यक आत्मरक्षा चालें सीखीं, प्रतिभागियों ने वास्तविक जीवन की परिस्थितियों जैसे कि अजनबियों से निपटना, उत्पीड़न या शारीरिक हमलों का सामना करने का अभ्यास किया। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. सरोज ने कहा कि इस प्रशिक्षण से लड़कियों में आत्मविश्वास बढ़ेगा। इस तरह के प्रशिक्षण से लड़कियों में कमजोर परिस्थितियों से निपटने के लिए अधिक आत्मविश्वास और सशक्तिकरण की भावना पैदा होगी। लड़कियों ने संभावित जोखिमों और उन्हें कम करने के तरीकों के बारे में बेहतर समझ का प्रदर्शन किया। इस प्रशिक्षण में कुल 40 स्वयंसेवी लड़कियों ने भाग लिया।

478 प्राथमिक स्कूलों में होगी मेगा मॉनिटरिंग

बीइओ, बीआरसी, बीआरपी व क्लस्टर हैड की लगेगी ड्यूटी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बराड़ा

■ निपुण हरियाणा मिशन के तहत जिले को निपुण बनाने की कवायद

निपुण हरियाणा मिशन के तहत अंबाला को निपुण जिला बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए 11-12 मार्च को जिले के सभी 478 प्राथमिक स्कूलों की मेगा मॉनिटरिंग की जाएगी। इस मॉनिटरिंग के तहत कक्षा पहली, दूसरी और तीसरी के विद्यार्थियों की हिंदी व गणित विषय में दक्षताओं का आकलन किया जाएगा। जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी सुधीर कालड़ा ने बताया कि निपुण भारत कार्यक्रम के तहत नई शिक्षा नीति-2020 के अनुरूप यह एक महत्वाकांक्षी परियोजना है, जिसे हरियाणा शिक्षा विभाग ने वर्ष 2026 तक तीसरी कक्षा के सभी बच्चों को निपुण बनाने के लक्ष्य के साथ अपनाया है। इस मेगा मॉनिटरिंग के दौरान जिले के सभी खंड शिक्षा अधिकारी, खंड संसाधन समन्वयक, संकुल मुखिया, बीआरपी और एबीआरसी की ड्यूटी लगाई गई है। यह आंकलन जिला मौलिक शिक्षा कार्यालय द्वारा तैयार किए गए विशेष गूगल फॉर्म के माध्यम से ऑनलाइन किया जाएगा। इसमें स्कूल की बुनियादी जानकारी के साथ-साथ बच्चों से हिंदी और गणित विषय से संबंधित प्रश्न पूछे जाएंगे, जिनका उत्तर मौके पर ही संबंधित अधिकारी द्वारा भरा जाएगा। सुधीर कालड़ा ने बताया कि 17 मार्च से इन कक्षाओं की वार्षिक परीक्षाएं भी शुरू होनी हैं, ऐसे में यह मेगा मॉनिटरिंग इन बच्चों के लिए प्री-बोर्ड परीक्षा के रूप में भी कार्य करेगी, जिससे वे अपनी वार्षिक परीक्षाओं में बेहतर प्रदर्शन कर सकेंगे। उन्होंने यह भी बताया कि इससे पहले 23 दिसंबर को शिक्षा दीक्षा पर्यवेक्षण के तहत जिले के सभी 478 स्कूलों का निरीक्षण किया गया था। उस रिपोर्ट के आधार पर पिछड़ रहे बच्चों पर विशेष ध्यान देते हुए स्कूलों में मेंटरिंग विजिट बढ़ाने के साथ-साथ उपचारात्मक कार्यक्रम भी चलाए गए थे।

निकाय चुनाव: स्थापित स्ट्रांग रुम के बाहर पुलिस की थ्री लेयर की सुरक्षा



अंबाला। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने बताया कि जिले में निकाय चुनाव के उपरांत तीनों जगहों पर स्थापित स्ट्रांग रूम में ईवीएम मशीनों को पुख्ता प्रबंधों के साथ सील करने का काम किया गया है। उन्होंने बताया कि तीनों जगहों पर ईवीएम मशीनों को थ्री लेयर सुरक्षा के बीच रखा गया है। पहली लेयर में आईआरबी पुलिस, दूसरी लेयर में एचएपी तथा तीसरी लेयर में जिला पुलिस की तैनाती की गई है। यह भी बताया कि स्ट्रांग रूम के अंदर सीसीटीवी कैमरों से पैनी नजर भी रखी जा रही है। इसके साथ-साथ तीनों जगहों पर स्ट्रांग रूम के पास पुलिस के जवान पुरी मुस्तैदी के साथ दिन-रात रोस्टर के मुताबिक अपनी ड्यूटी भी दे रहे हैं। यहां बता दें कि मेयर पद के उप चुनाव के उपरांत ओपीएस विद्या मंदिर सेक्टर 9 स्कूल में बने रूम में, नगर परिषद अंबाला छावनी के चुनाव के उपरांत एसडी कॉलेज में बने तथा बराड़ा नगरपालिका के चुनाव को लेकर डीएवी स्कूल स्ट्रांग रूम में ईवीएम मशीनों को सुरक्षित रखा गया है। 12 मार्च को सुबह 8 बजे से मतगणना करवाई जाएगी।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 9253681010, 9253681005

स्पेशल न्यूबॉर्न केयर यूनिट का मुआयना

अंबाला। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) की टीम ने बुधवार को सिटी नागरिक अस्पताल में चल रहे मदर स्पेशल न्यूबॉर्न केयर यूनिट (एमएसएनसीयू) प्रोजेक्ट का जायजा लिया। करीब दो घंटे तक टीम में शामिल डब्ल्यूएचओ मुख्यालय से डॉ. सैचियो व कर्नाटक से डॉ. सुमन राव ने प्रसूति वार्ड व एमएसएनसीयू वार्ड में जाकर डॉक्टर, नर्सिंग ऑफिसर से बातचीत की। साथ ही उन्हें कुछ सुझाव भी दिए। सोसायटी फॉर अप्लाइड स्टडीज न्यू दिल्ली के सीनियर साइंटिस्ट डॉ. वीके आनंद ने बताया गवर्नमेंट ऑफ हरियाणा के साथ मिलकर एमएसएनसीयू प्रोजेक्ट चला रहे हैं। जिसमें कमजोर बच्चों को मां के साथ एमएसएनसीयू में एक साथ रखकर देखभाल की जा रही है। छोटे बच्चों को इंफेक्शन से बचाने के लिए मां की त्वचा के साथ रखते हैं। इससे बच्चा गर्म भी रहता है और मां स्तन पान अधिक से अधिक करवा सकती है।

■ वार्ड में जाकर डॉक्टर, नर्सिंग ऑफिसर से बातचीत की

महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए भव्य कार्यक्रम

महिला दिवस पर सामाजिक संगठन कीओ ने महिलाओं को किया सम्मानित

महिलाओं को शिक्षा और रोजगार के समान अवसर देने के लिए निरंतर कार्य करना होगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारायणगढ़

महिला एवं बाल विकास की कार्यक्रम अधिकारी मिक्षा ने महिलाओं की उपलब्धियों को सराहा और अधिकारों के प्रति जागरूकता बढ़ाने पर जोर दिया। प्रयास समाज सेवा संगठन की मोनिका ने महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने व समाज में समानता के लिए संघर्ष जारी रखने की प्रेरणा दी

नारायणगढ़। महिलाओं को सम्मानित करती संस्था की सदस्य व प्रस्तुति देती छात्राएं। फोटो :हरिभूमि

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर सामाजिक संगठन महार्षि कश्यप नवजवान सभा ने महिलाओं के सम्मान और सशक्तिकरण के लिए एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य कर रही महिलाओं को सम्मानित किया गया और महिला सशक्तिकरण पर प्रेरणादायक चर्चा की गई।कार्यक्रम में मुख्यअतिथि के तौर पर महिला एवं बाल विकास की कार्यक्रम अधिकारी मिक्षा रंगा ने महिलाओं की उपलब्धियों को सराहा और उनके अधिकारों के प्रति जागरूकता बढ़ाने पर जोर दिया। इस अवसर पर प्रयास समाज सेवा संगठन की मोनिका कालरा ने महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने और समाज में समानता के लिए संघर्ष जारी रखने की प्रेरणा दी। विशिष्ट अतिथि स्नेहा मेहता ने कहा कि महिला सशक्तिकरण केवल एक दिन का मुद्दा नहीं है, बल्कि यह एक सतत प्रक्रिया है। हमें महिलाओं को शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार के समान अवसर देने की दिशा में निरंतर कार्य करना होगा।'' इस कार्यक्रम में नारायणगढ़ शहर की उन सभी बहनों को भी सम्मानित किया गया जिनके पास एक साल तक की बेटियां हैं तथा जो गर्भवती हैं। इस सम्मान समारोह से हमारा उद्देश्य यह था कि सभी को बेटी पैदा करने पर गर्व महसूस हो । कार्यक्रम में जिला बाल कल्याण समिति अध्यक्षा रंजीता सचदेवा, बाल कल्याण समिति मेंबर रेखा शर्मा, जिला बाल संरक्षण अधिकारी ममता रानी, बाल विकास परियोजना अधिकारी रेणु बाला, दीपिका गुप्ता भी कार्यक्रम का हिस्सा रहीं। अध्यक्षा रंजीता सचदेवा ने कहा ''एक सशक्त बेटी की परवरिश के पीछे उसकी मां का सबसे बड़ा योगदान होता है। हमारा उद्देश्य समाज में बेटियों के महत्व को बढ़ावा देना और माताओं के प्रयासों को पहचान देना है। आंगनवाड़ी सुपरवाइजर सोनम ने सभी को महिलाओं एवं बेटियों से संबंधित स्कीम्स के बारे में जानकारी दी गई।

आरएमओ डॉ. श्रुति ने सभी गर्भवती महिलाओं को गर्भावस्था के दौरान अपनाए जाने वाली सावधानियां व एनीमिया से कैसे बचे के बारे में जानकारी दी गई ।